jeket_page1.qxd 15-12-23 09:42 PM Page 1


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 16 दिसंबर 2023





श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

## सुशासन का सूर्योदय



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin

मोदी की गारंटी

## छत्तीसगढ़ के 18 लाख से अधिक पात्र परिवारों को अब मिलेगा पक्का आवास

मुख्यमंत्री
**श्री विष्णु देव साय**
उप मुख्यमंत्री द्वय
**श्री अरुण साव एवं श्री विजय शर्मा**
ने पहली केबिनेट बैठक में लिया ऐतिहासिक निर्णय
**हर पात्र परिवार को मिलेगा प्रधानमंत्री आवास**



## हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे

संकल्प निभाएंगे
छत्तीसगढ़ को खुशहाल बनाएंगे

**सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

हरिभूमि 22nd Anniversary

|| HARE KRISHNA ||

SINGHANIA™ BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993

# Experience The Peace

## **Premium Plots** in Vidhansabha Raipur

**PLOT SIZE 600-1700 SQFT.**



**HARSHIT GOLD CITY**
LIVE IN EL DORADO

### NEARBY IMPORTANT LOCATIONS

- N.H. Goel World School
- Gyan Ganga School
- D.P.S. ( Delhi Public School )
- Columbia College
- MGM Eye Institute
- Heritage Hospital

**A C T U A L P H O T O G R A P H**






### 100+ WORLD CLASS AMENITIES

- Kids Play Area
- Temple
- Club & recreation Center
- Amphitheatre
- Net Cricket
- Volleyball Court
- Outdoor Gym
- Indoor Gym
- Multiple Landscape Garden
- Swimming Pool

हेड ऑफिस- श्याम चेम्बर,
मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग.)

9827-321-321

RERA Reg. No. - PCGRERA040123001580
www.rera.cgstate.gov.in

**Site :** Behind Arambh School, Nardaha, Vidhansabha Road, Raipur (C.G.)

City_Main_16_2023-03_page1.qxd 12/16/2023 12:52 AM Page 1


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, शनिवार 16 दिसंबर 2023


**विधायकों को दिलाई जाएगी शपथ अनुपूरक बजट भी होगा पेश**

## 19 से विधानसभा का शीतकालीन सत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा का कहना है, छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से बुलाने की तैयारी चल रही है। तीन दिनों के सत्र को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अधिकारियों से चर्चा कर रहे हैं। जल्द ही इसकी अधिसूचना भी जारी हो जाएगी। सत्र में विधायकों को शपथ दिलाने के साथ राज्यपाल का अभिभाषण होगा और अनुपूरक बजट भी पेश किया ▸▸ शेष पेज 2 पर



### रामविचार होंगे प्रोटेम स्पीकर

रायपुर भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व गृह मंत्री रामविचार नेताम को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया है। पहले उनको राज्यपाल दिल्ली से लौटने के बाद राजभवन में शपथ दिलाएंगे। ▸▸ शेष पेज 2 पर

# निगम- मंडल के कुछ ही पदाधिकारियों ने दिया था इस्तीफा, बाकी बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

**अलग खबर**

छत्तीसगढ़ में भाजपा नेतृत्व की सरकार गठित होते ही बड़ा फैसला किया गया है। राज्य के विभिन्न निगम, मंडल, सभा समितियों में कांग्रेस सरकार द्वारा नियुक्ति किए गए अध्यक्षों व संचालक मंडल के सदस्यों को तत्काल प्रभाव से उनके पदों से हटा दिया गया है। इस संबंध में शुक्रवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। दूसरी ओर कुछ निगमों से अध्यक्षों को एकतरफा हटा दिया गया है, कुछ ने इस्तीफा दे दिया है।

सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि राज्य में विगत वर्षों में जो राजनैतिक नियुक्तयां (विभिन्न निगम, मंडल, आयोग, सभा समिति आदि में) की गई हैं, जिन्हें विधि के अधीन हटाया नहीं जा सकता, को छोड़कर शेष समस्त राजनैतिक नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए। यह आदेश राज्य के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव ▸▸ शेष पेज 2 पर

## सरकार ने दिखाई सख्ती, अध्यक्षों की इस्तीफे की लगी झड़ी

### मैं अभी ढाई साल पद पर बनी रहूंगी- किरणमयी

छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने कहा है कि आयोग के अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल 3 साल का है। इस पद पर दूसरी बार नियुक्ति के साथ ही दूसरे कार्यकाल के छह महीने हुए हैं। इस हिसाब से अभी ढाई साल का कार्यकाल बाकी है, इसलिए ▸▸ शेष पेज 2 पर



### 20 से अधिक का कार्यकाल समाप्त

कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य में निगम मंडलों में नियुक्तियां तीन साल से कुछ समय पहले की गई थीं। बताया गया है कि कई निगम मंडल में अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों का कार्यकाल तीन साल का था। कांग्रेस ▸▸ शेष पेज 2 पर

### कुछ खुद हट गए, कुछ डटे रहे

खास बात ये है कि राज्य में कांग्रेस सरकार के जाने और मुख्यमंत्री के इस्तीफे के बाद ऐसे पदाधिकारी जिनकी नियुक्तियां मुख्यमंत्री के प्रसाद पर्यंत थी, उन्हें खुद ही पद से इस्तीफा दे देना था, लेकिन सरकार जाने के बाद भी कई निगम मंडल के पदाधिकारियों ने इस्तीफा देने की जरूरत नहीं समझी। दूसरी ओर ऐसे पदाधिकारी भी हैं, जिन्होंने इस्तीफा देने में कोई देर नहीं की। इनमें रायपुर विकास प्राधिकरण के ▸▸ शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री कल जाएंगे दिल्ली



रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा 17 दिसंबर को दिल्ली जाएंगे। दिल्ली में इनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कुछ केंद्रीय मंत्रियों और संगठन के राष्ट्रीय नेताओं से भी मुलाकात होगी। संभावना है कि दिल्ली में साय सरकार की कैबिनेट को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं से चर्चा होगी। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश के मुताबिक ही यहां पर कैबिनेट का विस्तार होगा। संभावना इस बात की ज्यादा है कि विधानसभा के 19 से 21 दिसंबर तक होने वाले सत्र के बाद ही कैबिनेट का विस्तार होगा।

### रोहित की जगह हार्दिक मुंबई इंडियन्स के कप्तान



नई दिल्ली। मुंबई इंडियन्स ने बेहद सफल रोहित शर्मा की जगह हरफनमौला हार्दिक पंड्या को इस आईपीएल फ्रेंचाइजी का कप्तान नियुक्त किया। रोहित की अगुवाई में मुंबई की टीम पांच बार चैम्पियन बनी है। वह चेन्नई सुपर किंग्स के साथ इस लीग की सबसे सफल फ्रेंचाइजी टीम है।

### कांग्रेस नेता सुरजेवाला की गिरफ्तारी पर जारी रहेगी रोक



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2000 में वाराणसी में दर्ज एक मामले में कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट के क्रियान्वयन पर लगी रोक बढ़ा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा केस को 8 जनवरी को सूचीबद्ध करें। बता दें कि 23 साल पहले जब सुरजेवाला युवा कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष थे।

## पूछताछ में ललित ने खोले कई राज, सात दिन की रिमांड पर सभी आरोपी

# संसद का प्लान फेल होता तो बाहर फोड़ते स्मोक बम, ये था प्लान बी!

**नए संसद भवन में घुसपैठ कर स्मोक बम फेंकने के मामले के मास्टरमाइंड ललित झा ने पूछताछ में बताया कि उसने संसद में घुसपैठ और प्रदर्शन के लिए दो प्लान तैयार किए थे। प्लान ए के फेल हो जाने पर प्लान बी भी बनाकर रखा था। पूछताछ में उसने बताया कि वो टीवी पर लगातार संसद सुरक्षा में चूक से जुड़ी हर अपडेट देख रहा था। इधर आरोपी सागर शर्मा के घर से मिली डायरी में भी उत्तेजक बातें लिखीं मिलीं। पुलिस ने सभी आरोपियों को सात दिन की रिमांड पर लिया है।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

पुलिस का कहना है कि आरोपियों के पूरे प्लान के बारे में पता किया जा रहा है।

- हंगामे के बाद दोनों सदन सोमवार तक स्थगित

इस पूरे कांड में अन्य आरोपियों की संलिप्तता का भी पता किया जा रहा है। इनके मददगारों और इरादे के बारे में भी पूछताछ में स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस ने सुरक्षा उल्लंघन का जिक्र किया और कहा, दोनों आरोपी सांसद की तरफ से पास लेकर विजिटर गैलरी में पहुंचे ▸▸ शेष पेज 2 पर



### प्लान ए फेल होता तो क्या था प्लान बी

प्लान बी के तहत अगर किसी कारण से नीलम और अमोल संसद के करीब नहीं पहुंच पाते तो उनकी जगह महेश और कैलाश दूसरी तरफ से संसद भवन के करीब जाते और मीडिया के कैमरों के जलते हुए आगेबम जलाते हुए नारेबाजी करते। 12 दिसंबर की ▸▸ शेष पेज 2

### सागर ने डायरी में 'विस्फोटक' विचार

खुफिया एजेंसियों को सागर शर्मा के घर से पर्सनल डायरी मिली है। डायरी में सागर ने लिखा 'घर से विदा लेने का समय पास है। कुछ भी कर गुजरने की आग दहक रही है। 'पांच सालों से उम्मीद लगाया, प्रतीक्षा की है कि एक दिन आयेगा जब मैं अपने कर्तव्य की ओर बढ़ूंगा।

### लोकसभा व राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा

लोकसभा तथा राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों ने संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर शुक्रवार को भी जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण सदन में कोई कामकाज नहीं हो सका और कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्षी दलों के सदस्य सुरक्षा चूक के मामले पर सदन में गृहमंत्री अमित शाह के वक्तव्य और चर्चा की मांग कर रहे हैं। कुछ विपक्षी सदस्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ ▸▸ शेष पेज 2 पर

**दस लाख जुर्माना देने निर्देश**

## रेप केस में भाजपा विधायक को 25 साल की सजा



एजेंसी ▸▸ सोनभद्र

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के दुद्धि से भाजपा के विधायक रामदुलार सिंह गोंड को नाबालिग से 2014 में हुए रेप के मामले में सोनभद्र की सांसद-विधायक कोर्ट ने पॉक्सो अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए 25 साल की सजा सुनाई है। उन पर 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने अर्थदंड की धनराशि तत्काल पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं। सांसद-विधायक कोर्ट का फैसला आने के बाद रामदुलार गोंड की विधायकी पर ▸▸ शेष पेज 2 पर

### क्या है पूरा मामला?

गोंड ने 4 नवंबर, 2014 को उनके यहां धान काटने आई किशोरी से रेप किया था। विधायक ने 1 साल तक पीड़िता का रेप किया। उस समय वह विधायक नहीं थे, लेकिन उनकी पत्नी ग्राम प्रधान थीं। पीड़िता के पिता ने म्योरपुर थाने में शिकायत दी थी, जिसके बाद मुकदमा दर्ज हुआ था। पहले सुनवाई पॉक्सो कोर्ट में चल रही थी, लेकिन गोंड के विधायक बनते ही इसे सांसद-विधायक कोर्ट स्थानांतरित कर दिया गया।

## मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे पर नहीं लगेगी रोक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस मौखिक याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पास स्थित शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे की अनुमति देने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामला 9 जनवरी को सूचीबद्ध है और उसी दिन सभी मुद्दों और विवादों पर विचार किया जाएगा। उसने कहा कि हाई कोर्ट के इस बीच हानिकारक आदेश देने पर मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट आ सकता है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गुरुवार ▸▸ शेष पेज 2 पर

### हिंदू पक्ष ने क्यों की सर्वे की मांग?

हिंदू पक्ष का कहना है कि मस्जिद भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर की भूमि पर बनी हुई है और मंदिर को तोड़कर औरंगजेब ने मस्जिद बनवाई थी। उनके अनुसार, मस्जिद के एक हिंदू मंदिर पर बने होने के सबूत मिले हैं, जिनमें कमल के आकार का स्तंभ और भगवान कृष्ण से जुड़े शेषनाग की छवि शामिल है। उन्होंने इसी कारण मस्जिद का सर्वे कराने की मांग की है। उनके अनुसार, शाही मस्जिद समेत पूरी विवादित भूमि श्रीकृष्ण विराजमान की है।

## बेटे के सिर पर सेहरा बांधने से पहले किसान ने की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारायणपुर

कुकड़ाझोर गांव के किसान ने सरकारी कर्ज की वसूली का नोटिस मिलने के बाद आत्महत्या कर ली। 9 एकड़ खेत में महज 75 बोरी धान की फसल होने से परेशान किसान हीरु बढ़ाई ने खेत में कीट नाशक दवाई का सेवन कर अपनी जान दे दी। बेटे की शादी करने की तैयारी के बीच फसल चौपट होने और कर्ज के बोझ तले किसान का सपना टूट गया। मौत के बाद परिवार पर कर्ज की अदायगी ▸▸ शेष पेज 2 पर

- मिंजाई के बाद धान की पैदावार आधे से भी कम

### किसान पर दवाब था

उनके यहां 13 तारीख की घटना हुई। कर्ज का बोझ बहुत था, किसान के यहां काम करने के लिए कोई नहीं था, खेती किसानी के बूते अपना जीवन गुजर बसर कर रहा था। बेटा की शादी करने का दबाव भी था, खेत में धान भी नहीं हुआ, किसान भारी दबाव में था।

गेंदराम, पूर्व सरपंच, कुकड़ाझोर





सदियों में अस्थमा तथा आर्थराइटिस दोनों ही तेजी से बढ़ते हैं। इनका सम्पूर्ण समाधान है पतंजलि एवं दिव्य की रिसर्च व एविडेंस बेस्ड मेडिसिन

**श्वासारि गोल्ड व ब्रोंकोम**– जिनके फेफड़े 90% तक कोरोना या किसी भी कारण से संक्रमित हो गये थे, उनको भी योग के साथ इन दवाइयों का प्रयोग करवाकर हमने पूर्णतः स्वस्थ किया है। श्वासारि गोल्ड प्रतिदिन 1–1 गोली खाली पेट लें अथवा शहद के साथ श्वासारि गोल्ड पाउडर चाटने से विशेष लाभ मिलता है। खाने के बाद ब्रोंकोम चूसने से इसका लाभ कई गुना ज़्यादा होता है। इन दोनों दवाइयों का श्वासारि क्वाथ के साथ अनुपान करने पर अत्यन्त लाभ मिलता है।

**श्वासारि प्रवाही**– कफ, कोल्ड, अस्थमा, लंग, बैक्टिरियल व वायरल इंफेक्शन के लिये अत्यन्त प्रभावशाली है।




आर्थराइटिस, सर्वाइकल, स्पॉन्डिलाइटिस, स्लिप डिस्क, साइटिका आदि समस्त वात रोगों को जड़ से मिटाने के लिये रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड आयुर्वेदिक मेडिसिन। जो डैमेज़्ड कार्टिलेज को रीजनरेट कर के, ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाती हैं, डीजनरेट सेल्स को रीजुविनेट तथा पेन मार्कर्स को रेगुलेट करती हैं।




हमारी सभी औषधियाँ पतंजलि स्टोर्स, प्रमुख मेडिकल, आयुर्वेदिक और बड़े स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।

ऊपर वर्णित दवा का उपयोग सुझाव मात्र है। उपर्युक्त रोगों के प्रबंधन हेतु उपचार में इसका मुख्यतः प्रयोग किया जाता है। स्वविवेक से दवाएं न लें। दवाओं का प्रयोग हमेशा चिकित्सकीय निरीक्षण में करें।


**आईपीएस अधिकारी ने की थी मामले की जांच**

# धोनी की याचिका पर आईपीएस अधिकारी को 15 दिन की जेल

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

मद्रास हाई कोर्ट ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की ओर से दायर अदालत की अवमानना याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने दोषी सेवानिवृत्त भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी जी संपत कुमार को 15 दिन की जेल की सजा सुनाई है। हालांकि, जस्टिस एसएस सुंदर की खंडपीठ ने संपत कुमार को सजा के खिलाफ अपील करने में सक्षम बनाने के लिए सजा के कार्यान्वयन को 30 दिनों के लिए निलंबित किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, संपत कुमार ने आईपीएल में मैच फिक्सिंग ▸▸ शेष पेज 2 पर

**मद्रास हाई कोर्ट ने की सुनवाई**



### तीनों खिताब जीतने वाले पहले कप्तान

धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में टी-20 विश्व कप जीता था। उन्होंने युवा टीम को टी-20 प्रारूप में पहली बार विजेता बनाया था। 2011 में धोनी की कप्तानी में भारत ने 28 साल के इंतजार के बाद अपना दूसरा विश्वकप खिताब जीता। धोनी की टीम ने 2013 चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया था। वह आईसीसी के तीनों खिताब जीतने वाले विश्व के पहले कप्तान हैं।

### क्या है पूरा मामला?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, धोनी ने 2014 में आईपीएल में मैच फिक्सिंग के आरोप लगाने के लिए तत्कालीन आईपीएल अधिकारी संपत कुमार और एक टेलीविजन चैनल के खिलाफ 100 करोड़ की मानहानि का मुकदमा दायर किया था। उसके बाद धोनी ने सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए आईपीएस अधिकारी पर अदालत की अवमानना का मामला दायर किया था।

### सचिन के बाद धोनी की 7 नं. जर्सी रिटायर



अब कोई भी भारतीय पुरुष क्रिकेटर नंबर-7 की जर्सी पहने हुए नजर नहीं आएगा। ऐसी खबर है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने महेंद्र सिंह धोनी के योगदान को सम्मान देते हुए इस नंबर को रिटायर करने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के रूप में उनके संन्यास लेने के 3 साल बाद बीसीसीआई ने ये निर्णय लिया है।

## चिंतन

# जजों की कमी से कोर्टों में बढ़ रहे लंबित केस

सर्वोच्च न्यायालय को हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान का संरक्षक इसलिए कहा था क्योंकि वे चाहते थे कि देश की जनता को किसी प्रकार की तकलीफ न हो, शासन सुचारू रूप से चले, सबके मौलिक अधिकार सुरक्षित रहें, धर्म-जाति के नाम पर विवाद न हों। किसी भी देश में न्याय पर आधारित समाज की स्थापना में उस देश की न्यायपालिका की अहम भूमिका होती है। धर्म-निरपेक्ष एकीकृत भारत में सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता को अक्षुण्ण व आर्थिक विकास के अवसर को निरंतर बनाए रखना आवश्यक है, किन्तु आज यह सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है। ऐसे में न्यायपालिका की भूमिका पहले से कहीं ज्यादा व्यापक हो गई है, जिसमें न्यापालिका का कार्य एक विवाद निवारक तंत्र से कहीं अधिक बढ़ गया है। लेकिन अहम सवाल है कि क्या बदली हुई जरूरतों के हिसाब से न्यापालिका बदल पाई है? हमारा समूचा न्याय तंत्र इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर मानव संसाधन तक की भारी कमी से गुजर रहा है। देश की अदालतों में जजों की काफी कमी है, अदालतों का काम करने का तरीका औपनिवेशिककालिक है, अदालतों के बुनियादी ढांचे आधुनिक नहीं हो सके हैं, न्यायपालिका और कार्यपालिका के मध्य टकराव बढ़ता ही गया है, ऐसे अनेक प्रश्न हैं, जिनसे हमारी न्यायपालिका जूझ रही है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में आवाम को बताया है कि देश की अदालतों में एक दिसंबर तक पांच करोड़ से अधिक (5,08,85,856) मामले लंबित हैं, जिनमें उच्चतम न्यायालय में 80 हजार मामले पेंडिंग हैं। सभी 25 उच्च न्यायालयों में 61 लाख से अधिक और जिला व अधीनस्थ अदालतों में 4.46 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। कानून मंत्री ने यह भी बताया कि न्यायपालिका में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत संख्या 26,568 है, शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 है, वहीं उच्च न्यायालयों में यह आंकड़ा 1,114 न्यायाधीशों का है। जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 25,420 है। आज भारत की अदालतों में 6 हजार से ज्यादा जजों की कमी है। इनमें से 5 हजार जजों की कमी निचली अदालतों में है। देश में 10 लाख की आबादी पर सिर्फ 19 जज हैं। भारत में जज-आबादी का अनुपात 19.46 प्रति 10 लाख है। कोर्ट में लंबित केस व जजों की कमी के आंकड़े सरकार वर्ष दर वर्ष संसद में जारी करती रही है, पर जजों की भर्ती की प्रक्रिया सुस्त ही रही है। अगर जज ही पर्याप्त नहीं रहेंगे, तो मामलों की तेजी से सुनवाई कैसे होगी? सरकार को पता है कि देश की अदालतों में जजों की संख्या में भारी कमी है और पांच करोड़ से अधिक केस पेंडिंग हैं, इसके बावजूद अगर सरकार जजों की नियुक्ति पर जोर नहीं दे रही है, तो यह चिंता की बात है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य नयायाधीश टीएस ठाकुर जब सेवारत थे, तब उन्होंने जजों की कमी का उल्लेख करते हुए एक भावनात्मक भाषण दिया था। न्यायमूर्ति ठाकुर ने तब कहा था कि लंबित मामलों की भारी संख्या के निपटारे के लिए देश को 70 हजार से अधिक न्यायाधीशों की जरूरत है। उन्होंने अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा था कि अमेरिका में 9 जज पूरे साल में 81 केस सुनते हैं जबकि भारत में एक जज 2600 केस सुनता है। विदित हो कि 1987 में ही विधि आयोग ने सुझाव दिया था कि लंबित मामलों की समस्या से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए 44 हजार न्यायाधीशों की जरूरत है। भारतीय न्यायिक व्यवस्था पिछले करीब 36 वर्षों से जजों के अपर्याप्त संख्याबल से ही काम चला रही है। 'जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड', इसलिए जजों की कमी अविलंब दूर की जानी चाहिए, ताकि लंबित केसों की संख्या में भी कमी आए और नए केसों का अंबार भी नहीं लगे। भारत को एक व्यापक न्यायिक सुधार की आवश्यकता है।

## सारा संसार



विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी में स्थित है। काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। इस मंदिर को विश्वेश्वर के नाम से भी जाना जाता है। इस शब्द का अर्थ है 'ब्रह्मांड का शासक'। यह मंदिर 15.5 मीटर ऊंचा है। वर्तमान मंदिर का निर्माण महारानी अहिल्या बाई होल्कर ने वर्ष 1780 में करवाया था। बाद में महाराजा रणजीत सिंह ने 1853 में 1000 किलो शुद्ध सोने से इसे बनवाया था। अभी यहां नया कोरिडोर बन रहा है।

## परम्परा

डॉ. मोनिका शर्मा



# सादगी से विवाह का संदेश

हाल ही में चर्चित अभिनेता रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम की परंपरागत रीति-रिवाज से हुई शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया में छा गईं। चमक-दमक से परे इन छवियों में हमारे देश के एक हिस्से के सुंदर रंग नजर आए। बिग फैट इंडियन वेडिंग के दौर में अपने देश में, अपनों के बीच हुए इस वैवाहिक समारोह की मोहक छवियां कई मायनों में अहम रहीं। इस आयोजन में जड़ों से जुड़े रहने और परम्पराओं को पोसने का भाव नजर आया। हालिया बरसों में जब फिल्मों और खेल की दुनिया के चेहरे महंगी शादियों को प्राथमिकता दे रहे हैं, रणदीप और लिन की मणिपुर की सांस्कृतिक विवाह रस्म मैतई के जरिये संपन्न हुई शादी की तस्वीरों में दिखते भाव-चाव आम लोगों को बेहद मोहक लगे। यह समारोह विवाह योग्य युवक-युवतियों और उनके परिजनों में संदेश भी गया। दरअसल, एक नामी-गिरामी चेहरे की शादी से जुड़ा सरल सा आयोजन परंपरागत जीवन से जोड़ने के साथ ही सहजता को भी पोसने वाला कहा जाएगा। बीते कुछ बरसों से हमारे यहां शादियों की फिजूलखर्ची को सामाजिक और आर्थिक रुतबे से इस कदर जोड़ दिया गया है कि आम परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जाने-माने चेहरों की चलाई दिखावे की रीत कमोबेश समाज के हर तबके तक जा पहुंची। इसके चलते बने सामाजिक-मनोवैज्ञानिक दबाव ने इस मानसिकता को कम करने के बजाय और बढ़ावा ही दिया। पहले से आर्थिक विषमता के हालात से जूझते हमारे देश में वैवाहिक इंतजामों के खर्चे आम परिवारों के लिए बड़ी परेशानी बन गए। ऐसे में सफ़ेद धोती-कुर्ता पहने रणदीप और मणिपुरी दुल्हन के परंपरागत वैवाहिक परिधान पोटलोई पहने लिन का शानो-शौकत दिखाने के बजाय साधारण ढंग शादी करने के अंदाज ने इस शुभ कारज को और असाधारण बनाया। एक समय था जब शादी समारोह समाज को जोड़ने वाले परम्परागत आयोजन भर हुआ करते थे। परिवार और रिश्तेदारों से घिरे दूल्हा-दुल्हन और हंसते-खिलखिलाते परिजन। धीरे-धीरे रीति-रिवाज की जगह एक अजब-गजब धूम धड़ाके और सहज जुड़ाव का स्थान महंगी शादियों से जुड़े रुतबे ने ले लिया। इस फेर में रिश्तों में औपचारिकता और धन के प्रदर्शन को उकसावा ही मिला। सगे-संबंधियों के मेलजोल के बजाय विवाह आयोजन महंगी सजावटों और बनावटी बर्ताव तक सिमट गए। हालिया बरसों में किसी सेलिब्रिटी ने विदेशी धरती पर भव्य आयोजन कर चर्चा में रहने का रास्ता चुना तो किसी ने देश में ही आर्थिक समृद्धि का दिखावा किया। इस दिखावे का आम लोगों की मानसिकता भी गहरा असर पड़ता है। ऐसे में नामी-गिरामी हस्तियों के घरों में शादी के कार्यक्रम का सहज आयोजन करना वाकई सराहनीय है। ऐसे समारोह सीधे-सीधे आमजन की मनःस्थिति पर असर डालते हैं। आर्थिक सम्पन्नता की चमक दिखाने का प्रयोजन बनने के बजाय परंपरागत जीवन से जोड़ने वाले उत्सव बने रहें। यही वजह है कि इन दिनों हुए ये सादगी भरे वैवाहिक समारोह कई मोर्चों पर आमजन के लिए भी मिसाल बन गए हैं।

(लेखिका स्तंभकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)



एनसीआरबी रिपोर्ट
योगेश कुमार गोयल

# आधी आबादी की सुरक्षा का सवाल

> एनसीआरबी की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार देशभर में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो(एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार देशभर में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' तथा ऐसे ही कई अन्य नारों के जरिए भले ही सरकार महिला सशक्तिकरण का कितना ही दंभ क्यों न भरे, परन्तु वास्तविकता यही है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में कोई सुधार नहीं आया है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है। दूसरे राज्यों के मुकाबले उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में सर्वाधिक प्राथमिकी दर्ज हुई।

हालांकि महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में दिल्ली सबसे ऊपर है, जो लगातार तीसरे साल भी 19 महानगरों में सबसे आगे है। प्रायः सभी राजनीतिक दल चुनावों के दौरान घोषणा करते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे महिलाओं की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित करेंगे, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। महिलाओं के प्रति अपराधों को लेकर हर साल सामने आते एनसीआरबी के आंकड़े हर बार बेहद अफसोसनाक तस्वीर प्रस्तुत करते हैं, जिनसे साफ पता चलता है कि महिलाएं स्वयं को कहीं भी सहज और सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। देश में शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी न हुई हो। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2022 में कुल 58,24,946 आपराधिक मामले दर्ज हुए, जिनमें से 4,45,256 मामले महिलाओं के खिलाफ अपराध के हैं। हैरान करने वाली बात है कि महिलाओं पर अपराध के मामलों में अधिकतर पति, प्रेमी, रिश्तेदार या कोई अन्य करीबी शख्स ही आरोपी निकले। इन मामलों में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों द्वारा 31.4 फीसदी क्रूरता, 19.2 फीसदी अपहरण, 18.7 फीसदी बलात्कार की कोशिश और 7.1 फीसदी बलात्कार करने के मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश में बलात्कार के कुल 31,516 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 5399 मामले राजस्थान में, 3690 मामले उत्तर प्रदेश, 3029 मध्य प्रदेश, 2904 महाराष्ट्र और 1787 मामले हरियाणा में दर्ज किए गए। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में देश की राजधानी दिल्ली सबसे आगे है, जहां 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14247 मामले दर्ज किए गए। यहां 2021 में 14277 और 2020 में 10093 ऐसे मामले दर्ज हुए थे। दिल्ली में अपराध की उच्चतम दर 144.4 दर्ज की गई है, जो देश की औसत अपराध दर 66.4 से बहुत ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में दहेज के लिए 2138 और बिहार में 1057 महिलाओं की हत्या कर दी गई जबकि मध्य प्रदेश में 518, राजस्थान में 451 और दिल्ली में 131 महिलाओं की






हत्या दहेज के लिए की गई। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार प्रति एक लाख जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2021 में 64.5 फीसदी से बढ़कर 2022 में 66 फीसदी हो गई, जिसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48,755 मामले दर्ज किए गए, जो 2021 के 43,414 मामलों की तुलना में 12.3 फीसदी ज्यादा हैं। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि तमाम दावों, वादों और नारों के बाद भी आखिर देश में ऐसे अपराधों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? यह कितनी बड़ी विडंबना है कि भारत जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को महत्त्व देने वाले देश में भी महिलाओं को भय के वातावरण में जीना पड़ता है। वे न अपने परिवार में, न आस-पड़ोस में और न ही बाहर के वातावरण में खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं।

राष्ट्रीय महिला आयोग के आंकड़े देखें तो इस साल 19 सितंबर तक ही आयोग में महिलाओं के खिलाफ अपराध की कुल 20,693 शिकायतें मिलीं, जो इस वर्ष के अंत तक काफी बढ़ने की संभावना है 2022 में आयोग को 30,957 शिकायतें मिली थीं, जो 2014 के बाद सर्वाधिक थी। 2014 में 30,906 शिकायतें दर्ज की गई थी। 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 30 हजार से ज्यादा शिकायतें मिली थी। आयोग ने तेजाब हमले, महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध, दहेज हत्या, यौन शोषण और दुष्कर्म जैसी कुल 24 श्रेणियों में शिकायत दर्ज की। सर्वाधिक शिकायतें गरिमा के साथ जीने के अधिकार को लेकर दर्ज की गई, उसके बाद घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, छेड़खानी और बलात्कार की शिकायतें हैं। दिल्ली में निर्भया कांड के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों पर लगाम कसने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए थे, उससे लगा था कि समाज में संवदेनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्त्वों के हौसले पस्त होंगे, पर विडंबना है कि समूचे तंत्र को झकझोर देने वाले ऐसे कई मामले सामने आने के बाद भी हालात ऐसे हैं कि शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब महिला हिंसा से जुड़े अपराधों के मामले सामने न आते हों। ऐसे अधिकांश मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन का भी गैरजिम्मेदाराना और लापरवाही भरा रवैया ही सामने आता रहा है। यह निश्चित रूप से कानून-व्यवस्था और पुलिस-प्रशासन की उदासीनता का ही नतीजा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों में शायद ही कभी खौफ दिखता हो। सवाल यह है कि कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों, छेड़छाड़, मर्यादा हनन या फिर अपहरण, क्रूरता, आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका सबसे बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्त्वों पर अपेक्षित कड़ी कार्रवाई नहीं होती। स्पष्ट है कि केवल कानून कड़े कर देने से महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों पर लगाम नहीं कसी जा सकेगी। इसके लिए जरूरी है कि सरकारें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त दुरुस्त करने के साथ उसकी जबाबदेही सुनिश्चित करें। ऐसे मामलों में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का काम करती रही है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## धर्म को मनुष्य के भीतरी अनुभवों का हिस्सा होना चाहिए



संकलित
**दर्शन**

आध्यात्मिकता को धर्म के साथ जोड़ने की हमारी स्वाभाविक प्रवृत्ति है। इसलिए हमें मनुष्य के रूप में अपनी क्षमता और भीतरी रूपांतरण के महत्व को समझना जरूरी है। इसे मानसिक विकास की प्रक्रिया द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। मैं, कभी-कभी इसे जीवन का आध्यात्मिक आयाम कहता हूं। आध्यात्मिकता के दो स्तर होते हैं। इसका एक स्तर हमारे धार्मिक विश्वास से जुड़ा है। इस संसार में अनेक तरह के लोग, अनेक तरह की स्थितियां हैं। यहां सात अरब लोग हैं और एक तरह से मुझे लगता है कि हमारे यहां सात अरब धर्म होने चाहिए क्योंकि यहां इतने विभिन्न तरह के विन्यास मौजूद हैं। मेरा मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अलग आध्यात्मिक मार्ग पर चलना चाहिए, जो उसके अपने मानसिक विन्यास, स्वाभाविक रुझान, चित्त प्रकृति, मत, परिवार और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के अनुसार हो। उदाहरण के लिए, बौद्ध भिक्षु होने के नाते, मुझे बौद्ध धर्म सबसे अनुकूल लगता है। इसलिए मेरे अपने लिए, बौद्ध धर्म सबसे अच्छा है। परंतु इसका यह अर्थ नहीं है कि बौद्ध धर्म सबके लिए सर्वश्रेष्ठ है। यह साफ बात है। यह निश्चित भी है। यदि मैं सोचूं कि बौद्ध धर्म ही सबके लिए अच्छा है तो यह मूर्खता होगी, क्योंकि अलग-अलग लोगों की सोच अलग होती है। इसलिए विभिन्न लोगों के लिए विभिन्न धर्मों की जरूरत है। धर्म का उद्देश्य लोगों को लाभ पहुंचाना है और मुझे लगता है, यदि एक ही धर्म होगा तो वह कुछ समय के बाद अधिक लोगों को लाभ नहीं दे सकेगा।

## बच्चों को राम और कृष्ण की कहानी सुनाएं



संकलित
**प्रेरणा**

जया किशोरी कहती हैं कि बेड टाइम स्टोरी में आज के पैरेंट्स सिंड्रेला और स्नोबेल की कहानियां सुनाते हैं. लेकिन हमारे पास खुद इतनी कहानियां है. अपने बच्चों को बचपन से श्री राम और श्री कृष्ण की कथाएं सुनाएं. प्रभु की लीलाएं बताएं. इन लीलाओं का अर्थ बच्चों को बताएं. तभी बच्चे भगवान से प्रेम कर सकेंगे. सुंदरता का प्रेम कुछ समय का होता है. असली प्रेम स्वभाव से होता है. जब हमें किसी का स्वभाव पता चलता है, जब हम व्यक्ति के बारे में जानना शुरू करते हैं. तो हम उससे प्रेम करने लगते हैं. भगवान से प्रेम करने के लिए कथाओं के जरिए उनके स्वभाव का पता चलता है. तब जाकर ही भगवान से प्रेम होगा. राम के जन्म की बात करते हैं तो श्री राम के अवतार का ही नाम है मर्यादा पुरुषोत्तम. श्रीराम के लिए कई बार कहा जाता है, कि वह ये कर सकते थे, वो कर सकते थे. लेकिन ऐसा नहीं है. वो अपनी मनमानी नहीं कर सकते थे. इसलिए उनके अवतार का नाम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं. वह मर्यादित रूप में आए थे. जो मर्यादा में बनाई गई हैं, जो नियम बनाए गए हैं. उसके अंदर रहकर ही उन्होंने काम किया. वह नियम तोड़ नहीं सकते थे. रावण को मारने के लिए वह तत्काल सेना बुला सकते थे. उन्हें वानरों की सेना बुलाने की जरूरत ही नहीं पड़ती. जिस दिन सीता माता का हरण हुआ, उसी दिन वह सेना बुला सकते थे. उस समय भी उन्होंने मर्यादाओं को नहीं तोड़ा. वनवास में आए हैं, तो एक बनवासी की तरह ही अपना जीवन जिएं, जो उनके पास है वह उसी की तैयारी करने लगे.

## अंतर्मन





### आज की पाती

**जैविक खेती की ओर**

पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को देखते हुए हमें अब जैविक कृषि पर पर्याप्त जोर देना चाहिए। अभी स्थिति यह है कि चाहकर भी आम आदमी रासायनिक खाद से मुक्त जैविक शाक-सब्जी सुलभता से नहीं खरीद सकता। आज जिस तरह से बीमारियां बढ़ रही हैं, सेहत को लेकर हर कोई सावधान रहना चाहता है। ऐसे में, सभी लोग जैविक खाद्य उत्पादों का सेवन करना चाहते हैं। इसी वजह से बजट में जैविक कृषि पर जोर देने की वकालत की गई थी। जब तक किसानों को जैविक कृषि के लिए सुविधाएं नहीं दी जाएंगी, या विपणन व्यवस्था दुरुस्त करते हुए उनको सरकारी सहायता नहीं दी जाएगी, तब तक रासायनिक खाद का प्रयोग उनके लिए अनिवार्य रहेगा। -शाहीन बेगम, रायपुर

## ट्रेंड

**दिल्ली का एम्स लाइट हाउस**



दिल्ली का एम्स एक लाइट हाउस है। दिल्ली एम्स के मानक अन्य संस्थान भी फॉलो करें। यहां जो लोग इलाज के लिए आते हैं, उनके लिए यह अंतिम आस्था और श्रद्धा का केंद्र है।
-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

**गुरु की मौलिक भूमिका**



गुरु की मौलिक भूमिका शिक्षा और मार्गदर्शन देना नहीं है, बल्कि आपकी ऊर्जा को एक अलग संभावना में प्रज्वलित करना है। यदि आप हर किसी को और हर चीज को प्रेमपूर्वक देख सकते हैं, तो आपको परम तक ले जाना आसान होगा।
-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

**अहंकार की पराकाष्ठा**



संसद में सुरक्षा चूक पर एक टीवी चैनल से बात करने के लिए गृहमंत्री के पास समय था, लेकिन सदन में बयान देने से इनकार कर रहे हैं। यह अहंकार की पराकाष्ठा है जो उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है।
-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

**शास्त्र बड़ा वैज्ञानिक**



हमारी सनातन संस्कृति की कथाओं का प्रतीक शास्त्र बड़ा वैज्ञानिक है। उनका विस्तार इतना वृहद है कि हमारी चेतना बहुधा उन कथाओं के प्रतीकों में फंसकर रह जाती है। उनकी सार्थकता प्रतीकों को समझ कर जीवन मंगलमय बनाने में है।
-कुमार विश्वास, कवि

## करंट अफेयर

### संसद में नहीं था जो विपक्षी सांसद उसे भी कर दिया लोकसभा से सस्पेंड



संसद की सुरक्षा में हुई चूक मामले में सदन में हंगामा करने को लेकर कांग्रेस समेत विपक्ष के कई सांसदों को गुरुवार को संसद के शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया। इसमें एक ऐसे विपक्षी सांसद को भी सस्पेंड किया गया, जोकि संसद में थे ही नहीं। वे चेन्नई में मौजूद थे। हालांकि, बाद में सरकार ने साफ किया कि गलती से डीएमके सांसद एसआर पार्थिबन का नाम सस्पेंड किए गए सांसदों की लिस्ट में चला गया था। बाद में उनके नाम को हटा दिया गया, जिसके बाद कुल सस्पेंड किए गए सांसदों की संख्या 13 हो गई। इन सभी को सदन में अनियंत्रित आचरण के लिए निलंबित किया गया है। सस्पेंड किए गए सांसदों की लिस्ट में पार्थिबन का नाम आने के बाद डीएमके सांसदों ने इसकी शिकायत की थी। उन्होंने कहा था कि एसआर पार्थिबन सदन में भी नहीं थे और वह चेन्नई में हैं। इसके अलावा, कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने भी यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''कल लोकसभा में जो हुआ वह अत्यंत चिंताजनक था। आज लोकसभा में जो हुआ वह बिल्कुल विचित्र है। तमिलनाडु के एक सांसद जो सदन में मौजूद भी नहीं थे और वास्तव में नई दिल्ली से बाहर थे, उन्हें कार्यवाही में बाधा डालने के लिए निलंबित कर दिया गया।

## ऑफ बीट

### भारत-मालदीव के टूट रहे रिश्ते जल सर्वे समझौता भी किया खत्म



करीब एक महीन पहले मालदीव ने भारत को अपने सैनिकों को वापस बुलाने के लिए कहा था। अब वहां के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार ने द्वीप के जल का हाइड्रोग्राफिक सर्वे को लेकर भारत के साथ पिछली सरकार के समझौते को रिन्यूअल नहीं करने का फैसला किया है। चुनाव प्रचार के दौरान इनकी पार्टी ने 'इंडिया आउट' का अभियान चलाया था। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के निमंत्रण पर मालदीव का दौरा किया था। 8 जून 2019 को दोनों देशों के बीच समझौता हुआ था। भारत को मालदीव के क्षेत्रीय जल का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के साथ-साथ चट्टानों, लैगून, समुद्र तट, समुद्री धाराओं और ज्वार के स्तर का अध्ययन और चार्ट बनाने की इजाजत दी गई थी। नई सरकार बनने के बाद यह पहला द्विपक्षीय समझौता है जिसे आधिकारिक तौर पर समाप्त किया जा रहा है। गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय में सार्वजनिक नीति के अवर सचिव मोहम्मद फिरुज़ुल अब्दुल खलील ने कहा कि मुइज़ू सरकार ने 7 जून 2024 को समाप्त होने वाले हाइड्रोग्राफी समझौते को रिन्यूअल नहीं करने का फैसला किया है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

16122023-Cit-03_Layout 1 12/16/2023 12:50 AM Page 1


रायपुर
शनिवार, 16 दिसंबर 2023
अगहन शुक्ल पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 22, अंक : 149
पृष्ठ : 16+8 = 24 मूल्य : 5.00 **

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 27.8
न्यून. 14.4



## मैनपाट का पारा 4 डिग्री से भी नीचे, जमने लगी ओस की बूंदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

उत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से शुक्रवार को सरगुजा छत्तीसगढ़ का सबसे ठंडा क्षेत्र बन गया है। शुक्रवार को रात के तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है तथा सर्द हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री पहुंच गया है। ठंडी हवाओं के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट का न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री वहीं बलरामपुर जिला के ▶▶ शेष पेज 2 पर

अलग खबर

### आगामी 3-4 दिनों तक ठंड से राहत की संभावना नहीं





### जशपुर और मनेंद्रगढ़ में बदला गया समय

कड़ाके की ठंड को देखते हुए जशपुर और मनेंद्रगढ़ जिले में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, जिन ▶▶ शेष पेज 2 पर

## तापमान में गिरावट से मध्य इलाके में अच्छी ठंड आउटर में असर ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उत्तर से आने वाली हवा के असर से सरगुजा संभाग कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गया है। रायपुर समेत मध्य इलाके में अच्छी ठंड महसूस हो रही है, खासकर इसका प्रभाव आउटर में अधिक है। किसी तरह का बड़ा सिस्टम नहीं बनने की वजह से सप्ताहभर ठंड का प्रभाव रहने की उम्मीद है।

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक उत्तर की शुष्क हवा ठंड के रूप में नजर आने लगी है। उत्तरी हिस्से में जहां ओस की बूंद जमने लगी है, वहीं अन्य हिस्सों में भी ठंड के प्रभाव से लोग कांपने लगे हैं। राज्य का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से नीचे जा चुका है, जिससे शाम होने के बाद लोगों को गर्म कपड़े की आवश्यकता हो रही है। ▶▶ शेष पेज 2 पर

**राज्य में न्यूनतम तापमान**

| | |
|---|---|
| मैनपाट | 6.1 |
| डुमरबहार | 7.0 |
| बलरामपुर | 7.5 |
| सोनहट | 7.5 |
| कोरिया | 7.6 |
| पेंड्रा रोड | 9.0 |


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


# कारोबारियों के ठिकानों से आईटी छापे में मिले पांच करोड़ कैश, सोने-चांदी के जेवर भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**कारोबारियों के यहां से 12 लॉकर मिले, छापे की कार्रवाई के बाद ऑपरेट किया जाएगा**

रायपुर, बिलासपुर तथा दुर्ग के बेरला में एक दर्जन से ज्यादा कारोबारियों के चार दर्जन ठिकानों पर चल रही छापे की कार्रवाई में पांच करोड़ रुपए जब्त करने की जानकारी मिली है। इसके साथ ही भारी मात्रा में ज्वेलरी मिलने की बात सामने आ रही है, जिसका वैल्यूएशन किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक कारोबारी ठिकानों से आईटी अफसरों को 12 लॉकर होने की जानकारी मिली है, जिसे बाद में ऑपरेट किया जाएगा।

हरिभूमि फॉलोअप

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश के इंदौर, भोपाल तथा जबलपुर के साथ छत्तीसगढ़ के तीन सौ आयकर अफसर, कर्मियों की टीम ने गुरुवार को एक दर्जन से ज्यादा कारोबारी ▶▶ शेष पेज 2 पर

**खास बातें**

- अनाज कारोबारी द्वारा बड़े पैमाने पर कच्चे में लेन-देन करने की जानकारी आईटी अफसरों के हाथ लगी
- छापे की कार्रवाई तीन से चार दिन में हो सकती है कंपलीट

**यहां पूर्व में हो चुकी आईटी रेड**

सूत्रों के मुताबिक आयकर अफसरों की टीम दुर्ग, बेरला स्थित सुराना परिवार के गुड़ भंडारण करने कोल्ड स्टोरेज के साथ राधा मोहन कांपलेक्स, लालगंगा मिडोज में सूरज पल्सेस तथा इनके सिलतरा स्थित कोल्ड स्टोरेज में छापे की कार्रवाई करने पहुंची है। वहा सूत्रों ने 11 वर्ष पूर्व 2011-12 में आईटी रेड होने की जानकारी दी है, तब आयकर अफसरों ने इनके यहां से छह करोड़ रुपए की अघोषित संपत्ति, नकदी तथा ज्वेलरी जब्त की थी।

**कोल्ड स्टोरेज, अनाज कारोबारी के चार दर्जन ठिकानों पर आईटी के छापे**



**इनके यहां से इतनी राशि जब्त**

सूत्रों के मुताबिक आयकर अफसरों ने जो पांच करोड़ रुपए सीज किए हैं, उनमें से सबसे बड़ी रकम समता कालोनी निवासी पारस जैन के यहां से पौने चार करोड़ रुपए तथा एक करोड़ 35 लाख रुपए प्रकास जोशी के यहां से जब्त की गई है। लॉकर किन कारोबारियों के यहां से मिले हैं, इस बात की अब तक अधिकृत जानकारी नहीं मिल पाई है।

### डिफाल्टर होने के बाद कच्चे में कारोबार

सूत्रों के मुताबिक गोयल पल्सेस ग्रुप से जुड़े कारोबारी नीरज तथा संजीव गोयल डिफाल्टर बनकर कारोबार करते हैं। सूत्रों के मुताबिक उक्त कारोबारी समूह सीजन में अपनी क्षमता अनुसार 90 प्रतिशत तक दाल का भंडारण कर बारिश के दिनों में कई गुना ज्यादा कीमत पर बेचता है। कारोबारी समूह का सारा कारोबार कच्चे में चलता है। वहीं कैलाश बजाज ग्रुप सूरज बेसन के नाम से कारोबार करता है। इनका समता कालोनी, आर्किड तथा चौबे कॉलोनी में ऑफिस तथा घर और गोंदवारा में फैक्ट्री है। अफसरों ने बताया, पूर्व में भी इनके यहां छापे पड़ चुके हैं। उस दौरान यह परिवार आयकर अमले से झगड़ा तक करता रहा।

# यौन उत्पीड़न से परेशान महिला सिविल जज ने मांगी इच्छामृत्यु

- पत्र मिलने के बाद सीजेआई ने रिपोर्ट तलब की



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांदा में तैनात महिला सिविल जज ने इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लिखे पत्र में गंभीर आरोप लगाए हैं। मुख्य न्यायाधीश को संबोधित पत्र में उन्होंने कहा कि काफी निराश मन से लिख रही हूं। आरोप है कि बाराबंकी में तैनाती के दौरान महिला सिविल जज को प्रताड़ना से गुजरना पड़ा। जिला जज पर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का ▶▶ शेष पेज 2 पर

### क्या है पूरा मामला

महिला जज के अनुसार, 7 अक्टूबर 2022 को अपने पूर्व के तैनाती जिला में कार्य के दौरान जिला बार एसोसिएशन ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया था। उसी दिन सुबह 10.30 बजे वह कोर्ट में काम कर रही थी। इस दौरान बार एसोसिएशन के महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहित ▶▶ शेष पेज 2 पर

### क्या लिखा है सीजेआई को भेजे पत्र में

महिला सिविल जज ने लिखा कि मैंने मामले की शिकायत इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से 2022 में की। आज की तारीख में कोई कार्रवाई नहीं हुई। जुलाई 2023 में मैंने मामले को एक बार फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट की आंतरिक शिकायत समिति के सामने उठाया। जांच शुरू करने में 6 महीने और एक हजार ईमेल ▶▶ शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई तीन तक स्थगित



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा से अपने निष्कासन को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई अगले साल तीन जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। मामले की सुनवाई शुरु होते ही जजों की पीठ ने मोइत्रा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी को यह बताया।

### दिल्ली विधायक निधि चार से बढ़कर सात करोड़ हुई



नई दिल्ली। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने विधानसभा में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के प्रत्येक विधायक के लिए विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि को चार करोड़ रुपये से बढ़ाकर सात करोड़ रुपये कर दिया गया है।

### इस्तीफा स्वीकार न होने पर युवा वैज्ञानिक ने फांसी लगाई



मंगलुरु। हैदराबाद में 'रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन' में कार्यरत एक युवा वैज्ञानिक ने दक्षिण कन्नड़ जिले में स्थित अपने घर में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान भरत (24) के रूप में हुई।

## संघ दफ्तर पहुंचे एडीजी समेत तीन आईपीएस...



रायपुर। प्रदेश के तीन आईपीएस शुक्रवार को अचानक राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रदेश कार्यालय जागृति मंडल पहुंचे। यहां पर उनकी प्रांत प्रचारक प्रेम शंकर सिद्दार से मुलाकात हुई। इस मुलाकात मे क्या बात हुई, इसका खुलासा संघ नहीं कर रहा है। संघ कार्यालय जागृति मंडल मे एडीजी विवेकांदन सिन्हा, डीआईजी आरएन दास, केएल ध्रुव पहुंचे। इन तीनों के जागृति मंडल पहुंचने की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया मे दिन भर वायरल होती रही। ये आईपीएस संघ के दरबार मे क्या करने गए थे, इसकी किसी को जानकारी नहीं है। ये खुद से गए थे, या इसको तलब किया था, यह भी कोई नही बता रहा है।

## बिजनेस परिवार का, कैश से मेरा लेना-देना नहीं



नई दिल्ली। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू के ठिकानों से आईटी द्वारा 350 करोड़ से ज्यादा कैश व तीन किलो सोना बरामद होने के बाद धीरज साहू ने पहली बार मीडिया में अपना बयान दिया है। साहू ने कहा कि छापेमारी में जो कैश बरामद किया गया है, वो मेरी शराब कंपनियों का है। इसका कांग्रेस पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है।

**परिवार वाले देंगे जवाब**

साहू ने कहा कि मैं पहले भी कह चुका हूं कि यह पैसा मेरे परिवार की कंपनियों का है। यह काला धन है या सफेद मेरे परिवार के सदस्य इसका जवाब देंगे। मैं बिजनेस लाइन में नहीं हूं। मेरा परिवार दस दशकों से भी अधिक समय से शराब का कारोबार चला रहा है।

**मुख्यमंत्री साय का ऐलान** | जेनेरिक दवाइयों के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश

## कुष्ठ के विरूद्ध युद्ध... चलेगा अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के सभी डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाएं ही लिखने के निर्देश दिए। इसी के साथ जरूरतमंद मरीजों तक हर हाल में आधे घंटे के अंदर एंबुलेंस पहुंचने की व्यवस्था करने के लिए भी कहा। बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण ▶▶ शेष पेज 2 पर

### मोदी करेंगे सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का लोकार्पण


महानदी मंत्रालय में बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जगदलपुर और बिलासपुर में निर्माणाधीन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का काम अगले साल फरवरी तक हर हाल में पूर्ण करने को कहा, ताकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों मार्च में इनका लोकार्पण कराया जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली।

**योजनाओं की ली जानकारी:** मुख्यमंत्री ने बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्ले ने मुख्यमंत्री को राज्य के मेडिकल कॉलेजों, संबद्ध अस्पतालों, नर्सिंग कॉलेजों तथा डेंटल कॉलेजों की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 2 पर









India's 2nd Most Trusted Jewellery Brand 2023 by TRA report.
LRQA CERTIFIED
Like & Follow us at
FRANCHISEE ENQUIRY: 9874453366
CORPORATE ORDER ENQUIRY: 7595089191
Scan here to know your nearest Senco Store!
RAIPUR
Showroom 1: Raj Plaza, Malaviya Road, Swami Vivekanand Ward No. 57, PIN - 492001, Ph.: 0771-2220601/02/7605042536
Showroom 2: 35/13459 Jeevan Bima Marg, Main Road Pandri, Chhattisgarh, Raipur - 492004, Ph.: 9147331018/9147331019

## जैकेट के शेष

### निगम- मंडल के कुछ ....

स्वतंत्र प्रभार के रूप में जारी किया गया है। **इस्तीफा नहीं दिया पर मुझे हटा दिया- अनिल :** छत्तीसगढ़ राज्य कृषि एवं बीज विकास निगम के अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने अब तक अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया है। उनसे सरकार के नए आदेश के संदर्भ में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि मैंने इस्तीफा नहीं दिया है, लेकिन मुझे जानकारी मिली है कि मुझे पद से हटा दिया गया है। उनका ये भी कहना है कि उन्हें इस्तीफा देने वाले नहीं थे। पहले निगम के अन्य सदस्यों के साथ बैठकर विचार करते, इसके बाद इस्तीफा देना चाहते थे, लेकिन कैसे हटाया गया मुझे पता नहीं है।

**आयोग के पदाधिकारी नहीं हटा सकती सरकार :** कानून के जानकारों के मुताबिक राज्य सरकार आयोग के पदाधिकारियों को उनका कार्यकाल पूरा होने के पहले पद से नहीं हटा सकती। यह बात राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष एवं अधिवक्ता किरणमयी नायक ने कही है। उन्होंने पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल का एक उदाहरण दिया, उस समय छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग में भाजपा सरकार द्वारा नियुक्त प्रभा दुबे ने भाजपा सरकार जाने के बाद भी इस्तीफा नहीं दिया था। उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद पद छोड़ा था। इसी तरह का उदाहरण पूर्व भाजपा सरकार के समय का है, जब पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सियाराम को हटाने का प्रयास किया गया था, वे कोर्ट से स्टे ले आए थे।

**अपेक्स बैंक के अध्यक्ष ने पद छोड़ा :** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा पंजीयक सहकारी संस्थाएं को भेजा है। इस्तीफे के पत्र में उन्होंने कहा है कि 10 नवंबर 2022 को उन्हें अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। 15 दिसंबर 2023 को मैं अपने पद से त्यागपत्र दे रहा हूं।

### मैं अभी ढाई ....

अभी पद छोड़ने का सवाल नहीं है। उल्लेखनीय है कि महिला आयोग अध्यक्ष का पद संवैधानिक है, इसे विधि के अधीन हटाया नहीं जा सकता। यही कारण है कि किरणमयी ढाई साल पद पर बनी रहने की बात कह रही हैं।

### 20 से अधिक का ....

सरकार की विदाई से पहले ही करीब 20 निगम मंडल के पदाधिकारियों का तीन साल का कार्यकाल पूरा हो गया था। सरकार से पहले इनकी भी विदाई हो गई थी।

### कुछ खुद हट ....

अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ और प्राधिकरण के सभी संचालक मंडल के पदाधिकारी शामिल हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के डायरेक्टर विनोद तिवारी भी सबसे पहले इस्तीफा देने वालों में शामिल हैं। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष पद पर दूसरी बार नियुक्त किए गए कुलदीप जुनेजा ने कहा है वे पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं, जब उनकी नियुक्ति का आदेश सरकार के कार्यकाल में जारी किया गया था। राज्य कृषि मंडी के उपाध्यक्ष महेश शर्मा ने भी करीब एक हफ्ता पहले पद से त्यागपत्र दिया है। योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि वे 15 दिसंबर की सुबह ही इस्तीफा दे चुके हैं, जबकि आदेश शाम को आया है। कांग्रेस सरकार में आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा, बेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष भी थे, उन्होंने एक दिन पहले ही इस्तीफा दिया है।

### 19 से विधानसभा ....

जाएगा। इसी के साथ यह भी तय हो गया है कि अब कैबिनेट का विस्तार विधानसभा सत्र के बाद होगा। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्रियों अरुण साव और विजय शर्मा ने कैबिनेट की बैठक में एक दिन पहले ही प्रदेश में 18 लाख गरीबों के लिए आवास बनाने को मंजूरी दी है। अब इसके बाद विधानसभा का सत्र भी बुलाने की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा 19 से 21 दिसंबर के सत्र रखा जाएगा। इसमें प्रोटेम स्पीकर विधायकों को शपथ दिलाएंगे।

**अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा :** डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने बताया, 18 लाख गरीबों को आवास देने की बात मुख्यमंत्री ने कही है। अपने वादे के मुताबिक सबसे पहला काम हमारी प्रदेश सरकार की ओर से किया गया है। अब इसके लिए बड़ी धनराशि की आवश्यकता है। सबसे पहले अनुपूरक बजट की आवश्यकता है। इसके साथ अपने बहुत योजनाएं हैं, उनके लिए भी अनुपूरक बजट की आवश्यकता है। शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में इस पर मंथन भी किया गया। सत्र में अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा। कैबिनेट के विस्तार पर श्री शर्मा ने बताया, यह मुख्यमंत्री का प्रिविलेज है, उनका अपना निर्णय है और मैं सोचता हूं कि जल्द ही वे मंत्रिमंडल का ऐलान करने वाले हैं। इस बात पर वे चिंतन भी कर रहे हैं।

### रामविचार होंगे ....

इसके बाद जब 19 दिसंबर से विधानसभा का शीतकालीन सत्र प्रारंभ होगा तो श्री नेताम विधायकों को शपथ दिलाएंगे। पहले 8 बार के विधायक बृजमोहन अग्रवाल के प्रोटेम स्पीकर बनाए जाने की बात सामने आई थी, लेकिन अब श्री नेताम को यह जिम्मा भाजपा ने दिया है।

### संसद का प्लान .....

थे। लोकसभा की हैलथक के मुताबिक, दोनों को सिर्फ विजिटर गैलरी तक ही रहना था लेकिन, वो अचानक गैलरी से वेल में कूद गए, यह नियमों के खिलाफ था।

**प्लान ए ही हो गया सक्सेस :** दरअसल संसद भवन में प्रवेश के लिए मनोरंजन डी और सागर शर्मा के नाम से पास बना था इसलिए इन्हीं दोनों को अंदर भेजने का फैसला लिया गया। प्लान के मुताबिक दोनों को संसद दीर्घा में कूदकर कलर स्मोक जलाना था। मनोरंजन और सागर शर्मा इसी प्लान के तहत अंदर गए और उन्होंने वहां हंगामा किया।

**आरोपी सात दिन की कस्टडी में, कोर्ट ने दिया वकील :** पुलिस ने यह भी बताया कि चार आरोपी सागर शर्मा, मनोरंजन डी, नीलम और अमोल को कोर्ट ने सात दिन की कस्टडी में दिया है। इन चारों आरोपियों के खिलाफ यूएपीए के तहत एफआईआर दर्ज की है। वहीं, कोर्ट ने आरोपियों के लिए कानूनी मदद के लिए वकील नियुक्त किया है। आरोपियों का कहना था कि उनके पास उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील नहीं है।

### प्लान ए फेल होता ....

रात जब महेश और कैलाश गुरुग्राम में विक्की के घर नहीं पहुंचे तो अमोल और नीलम को हर हाल में ये काम करने का जिम्मा सौंपा गया।

### लोकसभा व राज्यसभा ....

कार्यवाही भी नहीं हो पा रही थी। जिनके हस्ताक्षर से मिले 'पास' पर संसद भवन में प्रवेश करने वाले दो युवक बुधवार को लोकसभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए थे।

इधर, निलंबित सांसदों ने कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी से मुलाकात की। निलंबित सांसदों सहित सभी सांसद महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पहुंचे। उनके हाथ में गृहमंत्री इस्तीफा दो की तख्तियां थीं।

### रेप केस में .....

खतरा मंडरा रहा है। उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द हो सकती है। विधायक के वकील ने फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देने की बात कही है। कोर्ट का फैसला आने पर पीड़िता के भाई और परिवार ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने इसे 8 साल की लड़ाई की जीत बताई है।

### मथुरा की शाही ....

को हिंदू पक्ष का अनुरोध स्वीकार करते हुए मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि से सटी शाही ईदगाह मस्जिद के अधिवक्ता आयोग द्वारा सर्वे की अनुमति दे दी थी। इस आयोग में कौन-कौन होगा और ये कैसे मस्जिद का सर्वे करेगा, इस पर 18 दिसंबर को फैसला आएगा। इस आदेश को मस्जिद इंतजामिया समिति और सुन्नी केंद्रीय वक्फ बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। शुक्रवार को इसी पर सुनवाई हुई।

**क्या है श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद? :** श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद 13.37 एकड़ जमीन पर मालिकाना हक से जुड़ा है। 12 अक्टूबर, 1968 को श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ ने शाही मस्जिद ईदगाह ट्रस्ट के साथ समझौता किया। समझौते में 13.7 एकड़ जमीन पर मंदिर-मस्जिद दोनों बनने की बात हुई। इसके तहत श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पास 10.9 एकड़ जमीन का मालिकाना हक है, जबकि 2.5 एकड़ जमीन का मालिकाना हक शाही ईदगाह क पास है। अब हिंदू पक्ष ने मस्जिद की 2.5 एकड़ जमीन पर भी दावा किया है।

### बेटे के सिर पर सेहरा ....

का बोझ बढ़ गया है। किसान के बेटे योगेश्वर बढ़ाई का कहना है कि खेत में मिंजाई के बाद धान की पैदावार आधे से भी कम होने के बाद पिताजी बार-बार सरकारी कर्ज और वसूली के नोटिस का जिक्र कर तनाव में थे। फिर खाने के लिए हमें घर भेजकर कीटनाशक दवाई पीकर आत्महत्या कर ली। योगेश्वर की कुछ दिनों बाद शादी होने वाली थी। कीटनाशक सेवन करने के बाद उसका घरेलू उपचार करने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई।

### धोनी की याचिका पर ....

मामले की शुरुआती जांच की थी। हालांकि, बाद में उन पर कुछ सट्टेबाजों को मामले से बाहर करने के लिए रिश्वत लेने के आरोप लगने पर मामले से हटा दिया गया और निलंबित कर दिया गया। साल 2019 में एक ट्रायल कोर्ट ने अपर्याप्त सबूतों के आधार पर उन्हें बरी कर दिया गया था। उन्होंने कहा था कि घोटाले को उजागर करने से रोकने के लिए उन्हें फंसाया गया था।

## पेज एक के शेष

### मैनपाट का पारा...

पठारी क्षेत्र सामरी पाट एवं लहसुन पाट का तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। मौसम अधिकारी भविष्य में रात के तापमान में और अधिक गिरावट होने एवं कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। सरगुजा में हर साल दिसम्बर के अंतिम सप्ताह एवं जनवरी के प्रथम सप्ताह में कड़ाके की ठंड पड़ती है तथा पठारी क्षेत्रों का तापमान जल जमाव बिन्दु तक पहुंच जाता है। इस बार दिसम्बर मध्य में ही ठंड ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। मैनपाट में घास के मैदानों में पाला की सफेद चादर बिछ गई थी।

### जशपुर और मनेंद्रगढ़ में...

स्कूलों में दो पालियों में संचालित होने वाली शालाओं में प्रथम पाली की कक्षा सुबह 9 बजे से 12:30 बजे तक और द्वितीय पाली की कक्षा दोपहर 12:45 बजे से शाम 4:15 बजे तक संचालित होगी। जिन स्कूलों में एक पाली में कक्षाएं संचालित होती हैं, वहां सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:30 तक कक्षाएं संचालित होंगी। निजी व शासकीय दोनों ही विद्यालयों के लिए यह आदेश जारी किया गया है।

### तापमान में गिरावट से...

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि हवा शुष्क होने की वजह से बादलों की मात्रा घट चुकी है, जिसकी वजह से ठंड ज्यादा महसूस हो रही है। अगले दो दिन तापमान थोड़ी स्थिर रहेगा और इसके बाद बाद पुनः गिरावट का दौर शुरू हो सकता है। अनुमान है, आने वाले सप्ताह में राज्य में दिसंबर के महीने की अधिकतम ठंड होगी।

### कारोबारियों के ठिकानों ...

समूह के 48 ठिकानों पर दोपहर छापे की कार्रवाई शुरू की है। छापे के दूसरे दिन कारोबारी समूह के यहां से चार करोड़ रुपए कैश जब्त होने की जानकारी सूत्रों ने दी है। सूत्रों के मुताबिक छापे की कार्रवाई तीन से चार दिन में कंपलीट हो सकती है। आयकर अफसरों की टीम राजेश्वरी के साथ बालाजी, मां शारदा, मानवी कोल्ड स्टोरेज सहित बालकिशन माहावार दोकर, मनपुरी स्थित सूरज पल्सेस के ठिकानों में छापे की कार्रवाई कर रही है।

### यौन उत्पीड़न से परेशान...

आरोप है। उन्होंने आरोप लगाया कि रात में भी जिला जज से मिलने के लिए कहा गया। इसके बाद प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने जांच की स्थिति पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय प्रशासन से रिपोर्ट मांगी। महिला न्यायिक अधिकारी ने अपने दो पन्नों के पत्र में प्रधान न्यायाधीश से बाराबंकी में अपनी पदस्थापना के दौरान खुद के साथ हुई बदसलूकी और उत्पीड़न के बाद अपना जीवन समाप्त करने की अनुमति मांगी है।

**शिकायत पर नहीं हुई कोई कार्रवाई :** महिला सिविल जज ने लिखा मैंने जांच लंबित रहने के दौरान जिला जज को ट्रांसफर किए जाने का निवेदन किया था लेकिन मेरी प्रार्थना पर भी ध्यान नहीं दिया गया। जांच अब जिला जज के अधीन होगी। हमें मालूम है ऐसी जांच का नतीजा क्या निकलता है।

### क्या है पूरा...

कई पदाधिकारी व वकील कोर्ट रूम में घुस आए। उन लोगों ने बदसलूकी की और गालीगलौच किया। अगले दिन 8 अक्टूबर को सीनियर जज से शिकायत की तो सुनवाई नहीं हुई। भरी कोर्ट में मेरा इंसल्ट किया और शारीरिक तौर पर प्रताड़ित किया। शिकायत के बाद हाईकोर्ट ने भी संज्ञान नहीं लिया।

### क्या लिखा है सीजेआई...

लग गए। उन्होंने प्रस्तावित जांच को दिखावा बताया है। गवाह जिला जज के अधीनस्थ हैं। महिला सिविल जज ने लिखा बॉस के खिलाफ गवाह कैसे जा सकते हैं। निष्पक्ष जांच तभी हो सकती है कि जब गवाह अभियुक्त के प्रशासनिक नियंत्रण से आजाद हो।

### कुष्ठ के विरूद्ध युद्ध...

साव और विजय शर्मा तथा मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और एंबुलेंस सेवा-108 को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य को कुष्ठमुक्त बनाने जल्दी ही कुष्ठ के विरुद्ध युद्ध अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाइयां ही प्रिस्क्राइब करने को कहा। उन्होंने सभी अस्पतालों में जेनेरिक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में कहा, हर जरूरतमंद मरीज के पास एंबुलेंस तत्काल पहुंचे। मरीजों तक एम्बुलेंस आधा घंटे में पहुंच जाना चाहिए। उन्होंने सड़कों पर विचरण करने वाले मानसिक रोगियों के इलाज एवं कल्याण के लिए तुरंत कदम उठाने और उनके त्वरित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए।

### योजनाओं की ली...

बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रमों, एनीमिया मुक्त भारत, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन मिशन, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, वित्त विभाग के सचिव अंकित आनंद, स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ. सीआर प्रसन्ना, चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव पी. दयानंद, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान, आयुष विभाग की संचालक नम्रता गांधी और सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक चंद्रकांत वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।


## कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
## डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय,रायपुर छ.ग.

क्रमांक/डॉ.भी.अ.चिकि./रख./23/18493 — रायपुर, दिनांक 13.12.2023

**// निविदा निरस्तीकरण की सूचना //**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में उपयोग हो रहे Computer System के मरम्मत में लगने वाले पार्ट्स जैसेः- मदरबोर्ड, प्रोसेसर, हार्ड डिस्क, रैम, एस. एम. पी. एस., डी.व्ही.डी. राईटर, यूपीएस, पावर केबल, प्रिन्टर, प्रिन्टर टोनर कार्ट्रिज का स्थानीय क्रय (भण्डार क्रय नियमानुसार) किया जाना है एवं चिकित्सालय में उपयोग हो रहे प्रिन्टरों के टोनर रिफिलिंग कार्य किया जाना है। इस प्रयोजन से वर्ष 2023-2024 में मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु कार्यालयीन दिवस में निविदा के लिए शुल्क रूपये 1000.00 (रूपये एक हजार मात्र) कैश काउन्टर क्रमांक 100 में जमा कर रसीद प्रस्तुत कर रखरखाव शाखा से प्राप्त किया जा सकता है, जो वापसी योग्य नही है।

निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि - प्रकाशन दिनांक से 01.01.2024 तक (कार्या. समय शाम 5.00 बजे तक)

निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि- 03.01.2024 (कार्यालयीन समय शाम 5.00 बजे तक)

निविदा खोले जाने की तिथि - 04.01.2024 ( समय दोपहर 1.30 बजे)

जी- 04695/2

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति
चिकित्सालय रायपुर (छ.ग.)

G -06426/1

## पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं. eT-West-WAT-40-2023, दिनांक 12.12.2023

**कार्य का नाम:** पूर्व तट रेलवे के वाल्टियर मंडल की KK-II लाइन पर मंडल अभियंता (पश्चिम)/ वाल्टियर के अंतर्गत मालिगुडा (Ex)-किरन्दुल- TTR(TSR)-84 सेट, TTR(TWS)-84 सेट, TTR(CMSC)-3 सेट, SEJ-10 सेट एवं ग्लूड ज्वाइंट-47 संख्यक।

**विज्ञापित मूल्य:** रु. 3,29,95,099.70, EMD: रु. 3,15,000.00/-। कार्य समापन की अवधि: 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 04.01.2024, 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**टिप्पणी:** प्रत्याशित निविदाताओं को इस निविदा के लिए जारी किए जाने वाले किसी भी संशोधन/ शुद्धिपत्र नोट करने के लिए निविदा बंद होने की तारीख से 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट पुनः देखने की सलाह दी जाती है।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-892/O/23-24

## राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
## National Testing Agency

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education GoI)

**अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (एआईएसएसईई) - 2024 की परीक्षा तिथि का पुनर्निर्धारण एवं ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि का विस्तार दिनांक: 16.12.2023**

21 जनवरी, 2024 को आयोजित होने वाली अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (AISSEE)- 2024 और कुछ प्रमुख राष्ट्रीय परीक्षाओं की तिथि टकराव के कारण देशभर में AISSEE-2024 को 28.01.2024 (रविवार) को पुनर्निर्धारित करने का निर्णय लिया गया है।

ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि भी 20.12.2023 तक बढ़ा दी गई है। जो उम्मीदवार परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वे AISSEE 2024 के लिए विस्तृत सूचना बुलेटिन पढ़ सकते हैं और केवल https://aissee.nta.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

| गतिविधि | अंतिम तिथि |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने की विस्तारित अंतिम तिथि | 20.12.2023 (upto 05:00pm) |
| ऑनलाइन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | 20.12.2023 ( upto 11:50 pm) |
| विवरण में सुधार की अवधि | 22.12.2023 24.12.2023 |
| परीक्षा की तिथि | 28.01.2024 (रविवार ) |

CBC -21354/12/0011/2324

sd /
वरिष्ठ निदेशक, एनटीए

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए क्रमशः दिनांक 03.01.2024 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसकी जानकारी निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम निविदा क्र. / निविदा सूचना क्र./दि. | अनुमानित लागत राशि (रु.लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखण्ड बलौदाबाजार की तालाशिव जलाशय का हेड वर्क जीर्णोद्धार, वेस्ट वियर, हेड स्लूस, रिमॉडलिंग एवं आर.डी. 0 से 1320 मी. तक सी.सी. लाईनिंग, 02 नग व्ही.आर.बी., 03 नग फाल, 01 नग डी.सी. और 08 नग आउटलेट का निर्माण कार्य। | 149868/ 20/वलेलि / 2023-24 दि.13.12.2023 ( प्रथम आमंत्रण) | 158.53 (दि. 01.08.2010 के एस.ओ. आर. तथा संशोधित दि. 22.08.2022 के अनुसार) |
| 2. | रायपुर जिले के विकासखण्ड तिल्दा की सोनतरा जलाशय का हेड वर्क जीर्णोद्धार, वेस्ट वियर, हेड स्लूस, आर.डी. 0 से 570 मीटर तक आर.बी. सी. की रिमाडलिंग और सी.सी. लाईनिंग एवं एल.बी.सी. आर.डी. 0 से 1020 मी. और माइनर नं. 01 एल.बी.सी. आर.डी. 0 से 240 मी. तक 01 नग वी.आर.बी. का निर्माण, आर.बी.सी. पर 07 नग आउटलेट, 02 नग फाल निर्माण, 03 नग व्ही. आर.बी., 01 नग एल.आर., एल.बी.सी. पर 10 नग आउटलेट और 01 नग व्ही. आर.बी., एल.बी.सी. के माईनर नंबर 01 पर 03 नग आउटलेट का निर्माण कार्य। | 149869/ 21/वलेलि /2023-24 दि.13.12.2023 (प्रथम आमंत्रण) | 281.23 (दि. 01.08.2010 के एस.ओ. आर. तथा संशोधित दि. 22.08.2022 के अनुसार) |
| 3. | रायपुर जिले के विकासखण्ड धरसींवा के अंतर्गत नहरडीह जलाशय के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार, मुख्य नहर के आर.डी. 0मी. से 4500 मी. तक रिमाडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य, 08 नग व्ही.आर.बी., 03 नग डी.सी. तथा 13 नग आउटलेट का निर्माण कार्य। | 149870/ 22/ वलेलि / 2023-24 दि.13.12.2023 (द्वितीय आमंत्रण) | 199.63 (दि. 01.08.2010 के एस.ओ. आर. तथा संशोधित दि. 22.08.2022 के अनुसार) |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 20.12.2023 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता,
जल संसाधन संभाग, रायपुर (छ.ग.)
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G-06430/4

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा

**संक्षिप्त मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 24 ( प्रथम बार )**

क्रमांक /3936/वलेलि / ग्रायासेवा / 2023-24 — बेमेतरा दिनांक 12/12/2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा निर्माण एवं संधारण कार्य हेतु दर अनुसूची जो दिनांक 01.11.2021 तथा विद्युत कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में प्रचलित दरों पर निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 27.12.2023 तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 02.01.2024 को समय अपरान्ह 12.30 बजे खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | शास.प्रा.शाला / शास. पूर्व मा.शाला / शास. उच्चतर मा. विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय निर्माण कार्य, भवन मरम्मत कार्य, आंतरिक विद्युतीकरण सहित वि. ख. - साजा, कुल कार्य 11 | 88.46 |
| 2 | शास.प्रा.शाला/ शास. पूर्व मा.शाला / शास. उच्चतर मा. विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय निर्माण कार्य, आंतरिक विद्युतीकरण सहित वि.ख. - बेरला, कुल कार्य 14 | 90.62 |
| 3 | शास.प्रा.शाला / शास. पूर्व मा.शाला / शास. उच्चतर मा. विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय निर्माण कार्य, आंतरिक विद्युतीकरण सहित वि.ख. - बेमेतरा, कुल कार्य 08 | 58.16 |
| 4 | शास.प्रा.शाला/ शास. पूर्व मा.शाला / शास. उच्चतर मा. विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय निर्माण कार्य, आंतरिक विद्युतीकरण सहित वि.ख. - नवागढ़, कुल कार्य 09 | 45.13 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://res.cg.gov.in में प्राप्त की जा सकती हैं एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 12.12.2023 देखी जा सकती हैं। सभी कार्यों हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर कार्यालय में पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27.12.2023 हैं।

( महाजन बांधड़े)
कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा

G-06397/3

## पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.CPMGSUWATENGG 2023011, दिनांक : 09.12.2023

**कार्य का नाम :** "विशाखापट्टनम स्थित मुख्य परियोजना प्रबंधक/GSU/वाल्टियर यूनिट के लिए कार्यालय भवन (ग्राउंड + 3 मंजिल) एवं विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन के निकट अधिकारी विश्राम गृह (ग्राउंड + 3 मंजिल) का निर्माण।"

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 12,08,11,823.86, EMD (रुपये में) : 7,54,100/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 10 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 03.01.2024 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे, भले ही वह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किए गए हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उनके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उल्लिखित सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं सभी निर्देशों का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य परियोजना प्रबंधक/GSU/ वाल्टियर

PR-886/O/23-24

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गोड्डा

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्याः– 15/2023-24/RWD/EE/GODDA — दिनांक: 15-12-2023

कार्य का विवरण: मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तार्गत कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोड्डा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि / अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/GODDA/ 14/STPKG/02/ 2023-24 | पथरगामा | पी0डब्ल्यू0डी0 रोड से खुर्द तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.250 कि0मी0) | 1231.753 | बारह करोड़ इकतीस लाख पचहत्तर हजार तीन सौ रूपये मात्र | 09(नौ) माह |
| 2 | | बसंतराय | बाघाकोल से मोकलचक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।(लं0– 1.715 कि0मी0) | | | |
| 3 | | पथरगामा | द्वारीचक से चंदरपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.125 कि0मी0) | | | |
| 4 | | बसंतराय | महेशपुर से वरण तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.575 कि0मी0) | | | |
| 5 | | बसंतराय | कैथपुरा से सोहरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.600 कि0मी0) | | | |
| 6 | | बसंतराय | सोहरा से राहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.800 कि0मी0) | | | |
| 7 | | पथरगामा | कोरका मोड़ से बरहारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 3.600 कि0मी0) | | | |
| 8 | | पथरगामा | लतौना से देवघरा जागीर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.600 कि0मी0) | | | |
| 9 | | पथरगामा | पश्चिमी पढ़वा से बशीपुर भाया सोनवर्षा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.700 कि0मी0) | | | |
| 1 | RWD/GODDA/ 17/STPKG/03/2 023-24 | गोड्डा | पी0डब्ल्यू0डी0 पथ सिकटिया से ढोढरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.225 कि0मी0) | 1034.391 | दस करोड़ चौतीस लाख उनचालीस हजार एक सौ रूपये मात्र | 09(नौ) माह |
| 2 | | गोड्डा | कल्याणी से साबेजोरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–5.500 कि0मी0) | | | |
| 3 | | पथरगामा | एन0एच0 गोड्डा पीरपैंती से सैदापुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 7.250 कि0मी0) | | | |
| 1 | RWD/GODDA/ 18/STPKG/04/2 023-24 | गोड्डा सदर | मुकुनडीह दिकवानी से रमला संथाली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.978 कि0मी0) | 1307.976 | तेरह करोड़ सात लाख सनतानबे हजार छह सौ रूपये मात्र | 09(नौ) माह |
| 2 | | गोड्डा सदर | सीनाढाब से कौवाढाब भाया कुनरडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.000 कि0मी0) | | | |
| 3 | | गोड्डा सदर | सरौनी पथ से सुन्दरमोड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.050 कि0मी0) | | | |
| 4 | | गोड्डा सदर | पी0डब्ल्यू0डी0 पथ से भारती कित्ता तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.250 कि0मी0) | | | |
| 5 | | गोड्डा सदर | पी0डब्ल्यू0डी0 पथ से कुबजीघाट तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.200 कि0मी0) | | | |
| 6 | | गोड्डा सदर | पी0डब्ल्यू0डी0 पथ से चिलौना भदाही तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 3.150 कि0मी0) | | | |
| 7 | | गोड्डा सदर | पकरा से रमला संथाली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.175 कि0मी0) | | | |
| 8 | | गोड्डा सदर | पी0डब्ल्यू0डी0 पथ धनराई से छोटी कल्याणी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 5.900 कि0मी0) | | | |
| 9 | | गोड्डा सदर | मंजवारा मोड़ से लतौना भाया बड़ी कल्याणी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 3.600 कि0मी0) | | | |
| 10 | | गोड्डा सदर | रूपियामा से कटरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.800 कि0मी0) | | | |
| 1 | RWD/GODDA/ 20/STPKG/05/2 023-24 | पोड़ैयाहाट | बांझी से सिरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.600 कि0मी0) | 1180.108 | ग्यारह करोड़ अस्सी लाख दस हजार आठ सौ रूपये मात्र | 09(नौ) माह |
| 2 | | पोड़ैयाहाट | मानिकपुर से बहरजोर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.000 कि0मी0) | | | |
| 3 | | पोड़ैयाहाट | कमराबाँध से सतपहाड़ी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 4.350 कि0मी0) | | | |
| 4 | | पोड़ैयाहाट | पोड़ैयाहाट बांझी आर0ई0ओ0 पथ से दुलीडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 5.600 कि0मी0) | | | |
| 5 | | पोड़ैयाहाट | सकरी पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ से डुमरटोला पदमपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–5.900 कि0मी0) | | | |
| 6 | | पोड़ैयाहाट | मुख्य पथ से बक्सरा गाँव तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.850 कि0मी0) | | | |
| 7 | | पोड़ैयाहाट | आर0ई0ओ0 मुख्य पथ गोविन्दपुर से बनकटी खरदाहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 3.750 कि0मी0) | | | |
| 8 | | पोड़ैयाहाट | डोंडे से घनश्यामपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.500 कि0मी0) | | | |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 20.12.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 05.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–08.01.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोड्डा।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का मोबाईल नं0– 7004195091
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गोड्डा

PR 313538 Rural Work Department(23-24)#D


## शब्द पहेली - 5365



**बाएँ से दाएँ**

1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरू किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीतना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरूरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी-4
23. भोर,सवेरा-3
24. सना हुआ,तर-4
25. छल,धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रृंगार -3

**शब्द पहेली - 5364 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5375

★★★★ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नवताल - 5374 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

# आइये जानिये बाइ-पोर्टल इंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी तकनीक के बारे में


डॉ. राहुल अहलुवालिया

एक संदेश मैं सभी पाठको को देना चाहता हूं की लोगो में स्पाइन सर्जरी को लेके काफी भय और डर है, और एक तरीके से ये डर वाजिब भी है क्यूंकि हर मरीज चाहता है की मैं बिना ऑपरेशन के ठीक हो जाऊं और हर डॉक्टर भी यही चाहता है की हम मरीज को बिना ऑपरेशन के यदि ठीक कर सके तो वह करें। किंतु कभी कभी कुछ बीमारियां ऐसी होती है जिनमें हमे मरीज को दवा से फायदा उतना नहीं दे पाते जितना उन्हें ऑपरेशन से फायदा होगा। तो इस तरह स्पाइन सर्जरी से डरना नहीं चाहिए, स्पाइन सर्जरी में आज की डेट में टेक्नोलॉजी इतनी एडवांस हो गई है जैसी की सुयश हॉस्पिटल रायपुर में, मैं डॉक्टर राहुल आहलूवालिया आज की डेट में ट्रांसफरामनल सर्जरी करता हूं, यूबीई स्पाइन सर्जरी करता, मैं ये पक्के यकीन के साथ कह सकता हूं की जो भी पेशेंट हमारे पास आता है स्पाइन सर्जरी के लिए, उसके लिए जो तकनीक सबसे अच्छी है, हम उसका पालन करते है, चाहे वो यूबीई रहे या चाहे वो ट्रांसफरानल रहे। मेरा ऐसा मानना है की ओपन स्पाइन सर्जरी की आवश्यकता अब धीरे धीरे खत्म होती जा रही है और यदि किसी पाठक को ऐसा लगता है की हमे और भी जानकारी चाहिए तो बेशक आकर मुझसे मिले, और मैं उनके है तरह के प्रश्न का उत्तर दूंगा।

## डॉ. राहुल अहलुवालिया जी से साक्षात्कार में पूछे गये कुछ प्रश्न व उसके उत्तर

**1 स्पाइन सर्जरी क्या है ?** स्पाइन सर्जरी मनुष्य की रीड की हड्डी के ऑपरेशन को कहा जाता है। यह मरीज के गर्दन की, पीठ की या कमर की भी हो सकती है। इसे कई कारणों की वजह से किया जा सकता है जैसी की स्लिप डिस्क होना, चोट आना, ट्यूमर होना, नसों पे दबाव आना, आर्थराइटिस होना या हड्डी का खसक जाना, कई कारण होते है जिससे ये स्पाइन सर्जरी की जाती हैं।



**2 स्पाइन सर्जरी कितने प्रकार की होती हैं ?** स्पाइन सर्जरी मूर्त रूप से 2 तरह की होती है। एक को कन्वेंशनल स्पाइन सर्जरी होती है और दूसरी जो की एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी होती हैं जो की अभी लेटेस्ट तकनीक है।

**3 ऑपरेशन के बाद मरीज को किस तरह की देखभाल की आवश्यकता होती हैं और उन्हें अपनी दैनिक गतिविधि में आने में कितना समय लगेगा ?** स्पाइन का किस तरह से ऑपरेशन किया जा रहा है काफी कुछ उस पर निर्भर करता है। जो कन्वेंशनल स्पाइन सर्जरी होती जिनमे बड़ा चीरा लगता है मांसपेशियां काटी जाती हैं, हड्डियों को काटा जाता है, इन तरह की सर्जरीज में मरीज को अपनी जीवनशैली में पूर्ण रूप से वापस आने में 15 दिन से 2 महीने तक का समय लग जाता है। किंतु हम आज इस बारे की यूबीई यानी की यूनिलेटेरल बिपोरटल एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी ये सबसे नई तकनीक है, जिसमे मरीज ऑपरेशन के 2 घंटे बाद चलने फिरने लगता है और अपने जीवनशैली में पूर्ण रूप से वापस आने लगता है।

**4 स्पाइन सर्जरी के बाद किस तरह के रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम की जरूरत होगी ?** देखिए जैसी की मैने बताया की जो यूबीई सर्जरी है इसमें बहुत ही छोटे चीर से यानी की सात मिलीमीटर यानी की एक सेंटीमीटर से भी छोटा चीरा का प्रयोग होता है, तो इसलिए इसमें मांसपेशियां नहीं कटती है हड्डी नहीं कटती है। इसमें प्लाज्मा टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जाता है नसों को खोलने के लिए। तो ऐसे मरीजों को पोस्ट ऑपरेटिव यानी की ऑपरेशन के बाद रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम की कोई विशेष आवश्यकता नहीं होती

**5 स्पाइन सर्जरी के बाद किस तरह का दर्द प्रबंधन उपलब्ध होगा ?** यूबीई सर्जरी के बाद बोहोत ज्यादा तकलीफ नहीं होती है मरीज को थोड़ा सा कमर में खिंचाव दो से तीन दिन तक रह सकता है, जो किसी भी छोटे से छोटे चीरे के साथ लगता है, किंतु इसके बाद बहुत ज्यादा दवाइयां नहीं लगती और मरीज अपनी जीवनशैली में तुरंत लौट सकता है।

**6 सर्जरी के बाद मरीज किस तरह की शारीरिक गतिविधियों को फिर से शुरू कर पाएगा ?** सर्जरी के बाद शाम को ही मरीज चलने फिरने लगता है। आगे झुक सकता है, अपने सारे काम कर सकता है। थोड़ी सी कमर में खिंचाव रहता है किंतु इससे थोड़ेसे ज्यादा गतिविधि में फर्क नहीं आता और मरीज जो है अपने सारी गतिविधियों को पुनः रूप से चालू कर सकता है।

**7 आप इस विशेष प्रकार की सर्जरी करने में कितने अनुभवी हैं ?** यूबीए को मैं 2 वर्ष कर रहा हूं, और यूबी से मैंने करीब करीब 100 से 150 मरीजों को लाभ पहुंचाया है। इसमें ना ही केवल स्लिप डिस्क रहा हो बल्कि जिनको स्टेनोसिस है या जिनको sponirolistisis है जिसमे एक हड्डी दूसरी हड्डी से खसक जाती है उनकी सर्जरी भी मैंने इस तकनीक से की है।



**8 क्या आप हमे यूबी सर्जरी में अपनी पृष्ठभूमि और प्रशिक्षण के बारे में बता सकते है ?** यूबीई सर्जरी को मैंने 2019 से ही सीखना शुरू किया और इसके लिए मैंने बॉम्बे में और पुणे में एक खास ट्रेनिंग सेशंस अटेंड किए। इसके लिए मैं 10 दिन के लिए साउथ कोरिया भी गया था। यूबीई एक कोरिया तकनीक है, इसका इजाद साउथ कोरिया में हुआ, मास्टर सोन ने इजाद किया था और उनके डायरेक्टली अंडर एंड डॉक्टर मन क्यू पार्क जो विश्व में नंबर दो माने जाते है उनसे मैंने काफी चीजें सीखी यूबीई को लेके और आज की डेट में हम यूबीई से न केवल लंबरस्पाइन बल्कि सर्वाइकल स्पाइन स्लिप डिस्क का भी इलाज कर रहे है।

**9 आप कब से मध्य भारत में यूबीई सर्जरी का अभ्यास कर रहे है ?** मध्य भारत में यूबीई सर्जरी का अभ्यास मैं पिछले दो साल से कर रहा हूं और मैं मानता हूं कि इस तकनीक से सौ से डेढ़ सौ मरीजों को लाभ पहुंचाया है जिसमें काफी मरीज मेरे करीबी लोग भी रहे है, मेरे मित्र के पिताजी हैं और कोई व्यक्ति है जिसमें हम पर भरोसा जताया और आज वह खुश हैं।



**10 आपके द्वारा किए जाने वाली सबसे आम यूबीई प्रक्रियाएं कौन सी है और इन सर्जरी की सफलता दर क्या है ?** सबसे आम रूप से की जाने वाली यूबीई प्रक्रिया जो है वो लम्बर कनाल स्टेनोसिस के लिए डीकम्प्रेशन है और इस तार की सर्जरी का सफलता दर सौ प्रतिशत होता है क्यूंकि आम तौर से इस सर्जरी को ओपन ही किया जाता है, कन्वेंशनल स्पाइन सर्जरी से बड़ा चीरा लगाके किया जाता है और यूबीई से करने का सबसे बड़ा फायदा है की वो छोटे से चीरे से हो जाता है। इस सर्जरी में यदि ओपन सर्जरी की जाये तो डॉक्टर बोलता हाई की हड्डियों को जोड़े रखने के लिए स्क्रू या रॉड लगाए रखना पड़ता है और यदि यूबीई से की जाए तो स्क्रू रॉड नहीं लगाना पड़ता है।

**11. यूबीई सर्जरी के दौरान आप किस तरह के उपकरण या तकनीक का उपयोग करते है और यह रोगियों को कैसे लाभ पहुंचाता है ?** यूबीई सर्जरी के लिए स्पेशलाइज्ड इक्विपमेंट लगते है और इनके जो सबसे बड़ी खासियत है की जो कन्वेंशनल स्पाइन सर्जरी में इस्तेमाल होने वाले इंस्ट्रूमेंट्स है या शस्त्र अस्त्र है उनके मुकाबले ये बोहोत फाइन होते है, इनकी जो कटिंग टिप्स होता है वो बोहोत रिफाइंड होती है जिससे नसों को किसी भी तरह की चोट न लगे और अधिकतर काम जो है यूबीई सर्जरी में प्लाज्मा टेक्नोलॉजी से किया जाता है जो की अपने आप में ही एक बहुत ही उम्दा टेक्नोलॉजी है और प्लाज्मा टेक्नोलॉजी ऐसी है कि प्लाज्मा को यदि नस ऊपर भी चला दिया जाए तो नस को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होता।

**12. यूबी ई सर्जरी के दौरान मरीजों की सुरक्षा और आराम कैसे सुनिश्चित करते है ?** आम रूप से तो जो यूबीई सर्जरी है वो भी लोकल एनेस्थीसिया में हो जाती है किंतु यदि मरीज को ऐसा लगता हैं की हम बिलकुल भी तकलीफ नहीं सहना चाहते तो हम मरीज को पूरी तरह से बेहोश कर देते है। और इस तरह से हम मरीज का आराम सुनिश्चित कर देते है और जहां तक बात रही मरीज के सुरक्षा की, वो हमारा अहम मुद्दा रहता है की कुछ भी करे मरीज सुरक्षित रहे तो उसके लिए हम पूरा समय सर्जरी सीवाम इमेजिंग के अंदर देखते हुए सारा काम करते है।

**13 क्या आप यूबीई सर्जरी से जुड़े कोई विशेष जोखिम है जिनके बारे पब्लिक को पता होना चाहिए ?** जी बिलकुल, यूबीई सर्जरी जो है, वो आज की डेट में सबसे कॉम्प्लेक्स और लेटेस्ट स्पाइन सर्जरी की तकनीक है और मैं मानता हूं की हर कोई व्यक्ति इस सर्जरी को नहीं कर पा रहा है और इसमें ट्रेनिंग कोर्स जो है वो लंबा है, तो मरीजों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए की यूबीई सर्जरी उसी से कराए जिसने काफी ऑपरेशन इस तरह के किए है और आगे भी करते रहे और इस तकनीक को अच्छे से समझते हो और सबसे बड़ा रिस्क इस सर्जरी में यह है की इनकंप्लीट सर्जरी होती है, कुछ कुछ लोगों को आराम नहीं मिलता है तो उनके दोबारा री एक्सप्लोर करना पड़ता है बंट ओवरऑल ये तकनीक बहुत सेफ है।

**14. आप यूबीई सर्जरी में नवीनतम प्रगति और तकनीकों के साथ अप टू डेट कैसे रहते है ?** जैसे की मैंने पहले बताया की मेरी ट्रेनिंग इसके लिए कहां हुई, तो मैं जब कोरिया गया था, तब मास्टर स्वान और डॉक्टर मन क्यों पार्क के पास तो उन्होंने ही हमेशा से ही मुझे प्रोत्साहित किया है टेक्निकली अपडेट्स रहने के लिए तो कोरिया जर्नल्स पढ़ता रहता हूं और लोगो से टच में रहता हूं, कुछ इंटरनेट फोरम्स है वहां पे मेरा काम को सराहा जाता है और सीनियर्स की टच में रहता हूं और इसी तरह से नवीनतम प्रतिक्रियाएं से अपडेटेड रहता हूं।



Suyash Hospital
Gudhiyari Road, near Avinash lifestyle tower, behind Hotel Piccadily, Kota, Raipur +91 99263 86660

Maa Durga Super Speciality Clinic
DD Nagar Market, Gol Chowk, Raipur
+91 88279 71104

संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल




छत्तीसगढ़ का एकमात्र अस्पताल जहां कैंसर ट्रीटमेंट हेतु एक ही छत के नीचे निम्नलिखित सबसे एडवांस्ड सुविधाएं उपलब्ध




हमारे विशेषज्ञों की टीम




NABH, छत्तीसगढ़ शासन, FCI, NMDC, SECL, CSEB, NTPC, रेलवे, SAIL, BSP, ESIC, BSKY (बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना, ओडिशा), आयुष्मान भारत, खूबचंद बघेल एवं सभी इंश्योरेन्स संस्थाओं से मान्यता प्राप्त।

संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल, दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.) 0771-4081010, 7389905010 scch.co.in

# ईश्वर के आशीर्वाद के आगे आप को कोई बैक नही कर सकता है - मनोज राजपूत

# छॉलीवूड की सबसे बड़ी फिल्म - 9 फरवरी 2024 को आने को तैयार

## मनोज राजपूत की फिल्म "गांव के जीरो शहर मा हिरो"

"गांव के जीरो शहर मा हीरो फिल्म अब बन कर तैयार है, और इस फिल्म को भारत के अलग-अलग स्थानों पर शूट किया गया है। जैसा कि आप सभी जानते है, यह फिल्म मनोज राजपूत जी के वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित है। यह फिल्म निश्चित रूप से आप सभी की भावनाओं को छूकर, खुशी और उत्साह का एहसास कराएगी।"

कर्म के बैंक बैलेंस पर रखना चाहिए भरोसा






मनोज राजपूत फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस ने दर्शको को एक असाधारण सिनेमाई अनुभव प्रदान करने के लिए उद्योग-अग्रणी उपकरणों का उपयोग किया है। प्रोडक्शन हाउस ने स्थानीय प्रतिभा को बढ़ावा देने और सिनेमा की दुनिया में छत्तीसगढ़ की अविश्वसनीय क्षमता का प्रदर्शन करने का भी वादा किया, यह दावा करते हुए कि हमारा राज्य हॉलीवुड और बॉलीवुड के सर्वश्रेष्ठ के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकता है।

राजपूत ने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने अपनी असफलताओं से कैसे सीखा और इस बात पर जोर दिया कि कोई भी, विशेष रूप से विनम्र पृष्ठभूमि से आने वाले लोग, अपने सपनों को हासिल कर सकते हैं। एक किसान के बेटे के रूप में, उनका मानना है कि अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने में किसी को कुछ भी नहीं खोना है। उन्होंने फिल्म उद्योग की ग्लैमरस दुनिया में शारीरिक और मानसिक तैयारियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, फिल्म के निर्माण के दौरान उनके सामने आने वाली कई चुनौतियों का जिक्र किया।




### फिल्म को बनाने को लेकर मैं काफी उत्साहित था

फिल्म के निर्माता व हिरो मनोज राजपूत ने बताया कि दस सालों से वह प्रापर्टी डिलिंग एवं बिल्डर्स व्यवसाय से जुड़े रहे, चार माह में जनता का प्यार मिला। हमने व हमारी टीम ने गांव के जीरो शहर मा हिरो फिल्म बनाई। इस फिल्म को बनाने को लेकर मैं काफी उत्साहित था, मेरी पूरी एम आर ले आउट की टीम व डायरेक्टर सहित इस फिल्म की पूरी यूनिट का बेहतरीन सहयोग रहा। इस पूरे संघर्ष के क्षेत्र व मेहनत में हम नई पहचान की तरफ लेकर जा रहे है।, छग में लोग छत्तीसगढ की मूवी क्यों नही देखते और साउथ की मूवी क्यों लोग देखना पसंद करते हैं? साउथ की मूवी में एक्शन, गाने सहित सभी चीजे उच्च क्वालिटी की होती है। हमारी फिल्म में भी एक्शन व पारिवारिक पृष्ठभूमि के साथ ही एक सूपरहीट फिल्म के लिए जो भी चीजें आवश्यक होती है, वह सब कुछ इस फिल्म में मौजूद है। डर के पीछे जीत होती है, हर व्यक्ति को डर का मुकाबला करना चाहिए। राजनैतिक हो चाहे व्यापार हो लोग दबाव डालते हैं, कई लोग तो दबाव में रास्ते बदल लेते हैं, लेकिन हमें छग में हर क्षेत्र में छग की पहचान बनाकर रखना है, चूंकि छग के गांव के किसान का बेटा आईएएस व आईपीएस बनता है, मैं भी किसान का बेटा हूं और ग्रामीण परिवेश से आता हूं। मेरे पास कोई कला की जानकारी नही थी, अंदर का भाव था। अचानक मेरे दिमाग मे आया कि मैं जो जीवन में इतना संघर्ष करके आगे बढ़ा हूं, इस पर फिल्म बन सकती है और लोगों के लिए मोटिवेशन का कार्य कर सकती है, उसके बाद मैं पहले अपने एमआर ले आउट के स्टाफ से चर्चा किया और उसके बाद यहां के प्रसिद्ध डायरेक्टर उत्तम तिवारी से मुलाकात कर अपने जीवन की संघर्ष की कहानी बताया तो वे भी कहने लगे ये तो बहुत अच्छी कहानी होगी और हम लोगों ने मिलकर इस फिल्म को बनाने की योजना बनाई और उसके बाद मैंने कहा कि इसका बजट कितना भी जाये उसकी परवाह नही है फिल्म बहुत अच्छी बननी चाहिए। इसलिए छग में पहली बार सबसे उत्तम किस्म के कैमरे फैन्टम से इसका फिल्मांकन किया गया है।

यह फिल्म मनोज राजपूत के जीवन पर बनी है जिसका 60 प्रतिशत कहानी मनोज की जीवन पर आधारित है। श्री राजपूत ने आगे कहा अब मैंने छॉलीवुड में कदम रखा है मैं छॉलीवुड को नई ऊंचाईयों तक काम के जरिये लेकर जाना चाहता हूं।

### ईश्वर का आशीर्वाद रहना चाहिए बस, आपको कोई बैक नही कर सकता है।

कोई भी व्यापार खत्म नही होता, बस कर्म का बैंक बैलेंस कितना है और अपने कर्म पर भरोसा होना चाहिए। इस काम में कई बार उतार चढ़ाव आये लेकिन हमारी टीम ने सुबह से शाम तक मेहनत कर इस फिल्म के निर्माण को पूरा किया। आगे अगर जनता का प्यार मिला तो और भी फिल्मे बनाउंगा। अब टॉकीजों का दौर कम हो गया है, और मल्टीप्लेक्स का दौर आ गया और जनता चाहेगी तो मैं भी मल्टीप्लेक्टस जरूर बनाउंगा। ईश्वर का आशीर्वाद रहना चाहिए बस, आपको कोई बैक नही कर सकता है। उभरते सितारे को लोग दबाते है, और सपोर्ट कोई नही करता है।



### भगवान के आशीर्वाद और जनता के प्यार से मैं बहुत मजबूत हूं।

श्री राजपूत ने कहा कि जिस काम में मुझे डर लगता है उसे चैलेंज लेकर करता हूं, जब छोटे थे और पढ़ते थे। तब गांव में चटाई लेकर व्हीसीआर में धर्मेन्द्र और अमिताभ की फिल्में देखा करते थे, तो उस समय ये सोचते थे कि ये एक्शन और ये फला सीन कैसे होता है, और आज ये सब मैं स्वयं कर रहा हूं तो अच्छा लग रहा है। शहर के लईका एसी मे रहते है और काजू खाते हैं एनर्जी और दिमाग बढ़ाने के लिए, और गांव के लडके गाजर व बासी खाकर एनर्जेटिक बनता हैं, और शहर के लडकों से अधिक दिमाग रखता है। भगवान के आशीर्वाद और जनता के प्यार से मैं बहुत मजबूत हूं। आज जिस तरह पदमश्री तीजन बाई के नाम से भिलाई व छग को जाना जाता है उसी प्रकार छत्तीसगढ की पहचान भी अब छत्तीसगढी फिल्मों व हमारी टीम से हो ये मेरी कोशिश रहेगी। हम शूटिंग के दौरान प्रतिदिन दस से बारह घंटा काम करते थे, फिर भी मैं नही थकता था, और मैं जीवन मे कोई टैंशन नही लेता हूं। मैं व हमारी टीम पूरे एन्जवाय के साथ काम किये और 70 दिन कैसे निकल गया ये पता नही चला। सभी ने बहुत बढ़िया काम किया है और मेरा मार्गदर्शन करने के साथ ही पूरा सहयोग दिया है। फिल्म के लागत के सवाल पर कहा कि मैं कमाने के लिए फिल्म नही बनाया हूं मैं कभी भी प्राफिट और लॉस के बारे में नही सोचता हूं। छग को क्या दे सकता हूं। उस पर ध्यान देता हूं। छग के लोगों से पिछले 20 सालों से जो प्यार मिला है उस प्यार को मैं 20 माह में ही लौटाना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि अपने जीवन की शुरूआत दुर्ग के इंदिरा मार्केट के सुनिल वाच कंपनी से शुरू किया और वहां अपना काम समझकर झाडू पोछा तक स्वयं लगाया व वहां काम सीखा उस समय 5 सौ रूपये महिना मिलता था लेकिन मैं सोचता था कि मैं भी कुछ ऐसा करूं कि मेरा अपना खुद का कोई करोबार हो, और भीखम साहू के सहयोग से मैं प्लाटिंग के काम में आया और आज सक्सेसफुल रहा व प्रापर्टी के काम में एक नंबर बना और अब फिल्म बनाने का काम कर रहा हूं। शुरूवाती दौर में मैं जब वाच कंपनी में काम करता था तो हर पल को अपनी मां से शेयर करता था, वह कहती थी कि तू मेरा बेटा है तू सब कुछ कर सकता है। मैं आध्यात्मिकता के क्षेत्र में जुडा हुआ हूं, और आध्यात्म में बहुत ताकत होती है। निगेटिविटी होने पर भी घबराता नही हूं। कोई भी व्यापार खत्म नही होता, बस कर्म का बैंक बैलेंस कितना है और अपने कर्म पर भरोसा होना चाहिए। इस काम में कई बार उतार चढ़ाव आये लेकिन हमारी टीम ने सुबह से शाम तक मेहनत कर इस फिल्म के निर्माण को पूरा किया। आगे अगर जनता का प्यार मिला तो और भी फिल्मे बनाउंगा। अब टॉकीजों का दौर कम हो गया है, और मल्टीप्लेक्स का दौर आ गया और जनता चाहेगी तो मैं भी मल्टीप्लेक्स जरूर बनाउंगा। ईश्वर का आशीर्वाद रहना चाहिए बस, आपको कोई बैक नही कर सकता है। उभरते सितारे को लोग दबाते हैं, और सपोर्ट कोई नही करता है।



फिल्म और गाने पर नवीनतम अपडेट के लिए, दर्शको को मनोज राजपूत फिल्म्स के इंस्टाग्राम और यूट्यूब चैनल उपलब्ध है

MANOJ RAJPUT LAYOUTS PVT. LTD.
mrlayoutspvtltd
MR Layouts

MR FILMS MANOJ RAJPUT
manojrajputfilms
Manoj Rajput Films

गाना 20 दिसंबर को रीलीज हो रहा है
यूट्यूब पर सब्सक्राईब करें




किफायती
फीस

छात्रवृत्ति
की सुविधा

SRU

23rd YEARS OF EXCELLENCE

SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY, RAIPUR

Approved & Recognized By :

PROUD STATUS "UGC 12 (B)" IN INDIA SRU IS AMONGST THE 13TH

# एसआरयू ने रचा नया कीर्तिमान

**श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी (एसआरयू) द्वारा प्रथम चरण की परीक्षा समाप्ति के 72 घंटो के अंदर जारी किया परीक्षा परिणाम**

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी (एसआरयू) सतत् रुप से विद्यार्थियों को एडवांस आईटी पद्धति से सुविधाओं में विस्तार कर रही है । नवंबर -दिसम्बर 2023 की सेमेस्टर की परीक्षाएं पूर्णतः आइटी पद्धति से ली गई जिससे 11 दिसम्बर को परिक्षाओं की समाप्ति के बाद परीक्षा परिणाम 14 दिसम्बर को एसआरयू स्टूडेंट मोबाईल एप पर सीधे 72 घंटो के अंदर जारी हुए । विद्यार्थियों को अपनी मार्कशीट भी रिजल्ट के साथ एसआरयू स्टूडेंट मोबाईल एप में देखने को मिली । उल्लेखनीय है कि रोजगार के अवसरों हेतु रिजल्ट का सहीं समय पर मिलनाा विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्पूर्ण होता है । इसी तरह छात्रवृत्ति के लिए भी मार्कशीट सही समय में मिल जाने से विद्यार्थियों को सुविधा होती है ।

# एसआरयू के मार्कशीट एवं डिग्री का वेरिफिकेशन अब तत्काल

**श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी (एसआरयू) के द्वारा जारी मार्कशीट एवं डिग्री को बदल पाना अब संभव नहीं**

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी (एसआरयू) के विद्यार्थियों को जारी किये गये मार्कशीट एवं डिग्री में छेड़छाड़ कर बदलाव कर पाना असंभव है । आईटी के माध्यम से रियल टाईम में मार्कशीट का वेरिफिकेशन की सुविधा दिये जाने से एसआरयू के मार्कशीट एवं डिग्री हो गये हैं पूर्णतः विश्वसनीय ।

**350 से अधिक रिकॉर्ड प्लेसमेंट** : वर्ष 2023-24 में श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी (एसआरयू) में 164 कम्पनीयों द्वारा प्लेसमेंट की कार्यवाही की गई जिसमें 350 से अधिक प्लेसमेंट हुए

## कक्षा बारहवीं के बाद अब पढ़ सकते है दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स
## (एक वर्ष क्लास में पढ़ाई एवं एक वर्ष हॉस्पिटल में इंटर्नशिप )

- **डिप्लोमा इन हॉस्पिटल केयर**
  (हॉस्पिटल में रोजगार )
- **डिप्लोमा इन होम बेस्ड पेशेंट केयर**
  (घरों में मरीज एवं सीनियर सिटीजन की देखभाल द्वारा रोजगार )
- **डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग**
  (हॉस्पिटल में रोजगार )



## ड्यूल डिग्री : एक कोर्स के साथ दूसरा कोर्स कर दो डिग्री लेना अब संभव

- B.Com. + B.B.A.
- M.Com. + M.B.A.
- B.A. + B.B.A.
- M.A. + M.B.A.
- M.Tech. + M.B.A.
- M.Sc. + M.B.A.
- M.Sc. + M.C.A.
- B.A. + B.Sc.
- M.A. + L.L.B.
- M.Sc. + L.L.B.
- M.B.A. + L.L.B.

इनके अतिरिक्त अन्य विकल्प भी उपलब्ध है

## कार्यरत डिप्लोमा इंजीनियर अब डिग्री कोर्स कर सकते हैं ।

- रेगुलर फ्लेक्सिबल टाइमिंग में 3 वर्षों में कोर्स पूर्णता ।
- पार्ट टाइम कोर्स द्वारा 4 वर्षों में कोर्स पूर्णता ।

Scan For Admission

7222910411

NH-30, Post Mana, New Dhamtari Road, Raipur (C.G.) India

Follow on : / sruraipurindia /shrirawatpurasarkar

16122023-Cit-09_Layout 1 12/16/2023 12:31 AM Page 1



# 50 वर्ष बाद अमेरिका चंद्रमा के नजदीक दल भेजेगा

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



- बाइडन मिशन पर जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियों से मिल
- दल में तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री होंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने चंद्रमा का चक्कर लगाने के मिशन पर जाने वाले चार अंतरिक्ष यात्रियों के दल से बृहस्पतिबार को व्हाइट हाउस में मुलाकात की। 50 वर्ष में ऐसा पहली बार होगा जब अमेरिका चंद्रमा के नजदीक किसी दल को भेजेगा।

इसके अलावा यहां ओवल ऑफिस में अपोलो यान के मिशन के दौरान चंद्रमा से एकत्र किये गये एक पत्थर को भी प्रदर्शित किया गया। इस आर्टेमिस-द्वितीय दल में तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री होंगे। दल ने कहा कि राष्ट्रपति ने इस साल की शुरुआत में मिशन के लिए उनके नाम की घोषणा की थी और उस दौरान किये गये अपने वादे को पूरा करते हुए उन्होंने व्हाइट हाउस में उनसे मुलाकात की। दल उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से भी मिला। पायलट विक्टर ग्लोवर ने कहा, 'उनसे हाथ मिलाकर काफी अच्छा लगा। उनके नेतृत्व के कारण ही हमारे लिए यह अद्भुत यात्रा संभव हो पाई हैं, इसके लिए हमने उन्हें धन्यवाद भी दिया।' कमांडर रीड वाइसमैन ने कहा, 'एक दल के रूप में हम प्रक्षेपण की तारीख के बारे में नहीं सोच रहे हैं। जब नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) इसके लिए पूरी तरह तैयार होगा तब ही उड़ान संभव है।' चारों अंतरिक्ष यात्री का यह दल नासा के ओरियन कैप्सूल में उड़ाने भरने वाला पहला दल होगा।

### 2024 में कैनेडी स्पेस सेंटर से भेजने की योजना

बताया जा रहा है कि 2024 में कैनेडी स्पेस सेंटर से प्रक्षेपण करने की योजना है। दल चंद्रमा की कक्षा में नहीं उतरेगा, बल्कि चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगाने के बाद वापस धरती पर लौट आएगा।

# रूस के विपक्षी नेता नवेलनी के ठिकाने की कोई खबर नहीं



तल्लिन (एस्तोनिया)। जेल में बंद रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवेलनी के अता-पता के बारे में शुक्रवार को भी जानकारी नहीं मिल सकी। जेल अधिकारियों का कहना है कि इस महीने की शुरुआत में उन्हें दूसरी जगह भेज दिया गया था, लेकिन फिलहाल वह कहां हैं, इसकी जानकारी साझा नहीं की गई है।नवेलनी के सहयोगियों ने यह जानकारी दी। नवेलनी की प्रवक्ता कीरा यारमिश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि उनके वकीलों की मुलाकात छह दिसंबर से नवेलनी से नहीं हो सकी है।नवेलनी आतंकवाद के आरोपों में मॉस्को से लगभग 230 किलोमीटर दूर मेलेखोवो शहर की एक अति सुरक्षित जेल 'पीनल कॉलोनी नंबर 6' में 19 वर्ष के कारावास की सजा काट रहे हैं।

## कार्यालय सेनानी, सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक- सीटीजेडब्ल्यू / कांकेर/ सा.अ. / नीलामी ज्ञापन क्र. - 03/23

दिनांक- 13/12/23

### नीलामी विज्ञप्ति

सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज कांकेर (छ.ग.) में निम्नलिखित अनुपयोगी सामग्री का नीलामी हेतु (सील्ड टेंडर) बंद निविदायें आमंत्रित किये जाते है सील्ड कवर लिफाफा के ऊपर निविदा सूचना क्र. तथा निविदा कर्ता का पूरा नाम पता लेख किया जाना आवश्यक है।

| क्रमांक | सामाग्री का नाम | कुल वजन | कमेटी द्वारा निर्धारित अफसेट मुल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | लोहा | 916 किग्रा | 36/- |
| 2 | टीना | 625 किग्रा | 23/- |
| 3 | प्लास्टिक | 96 किग्रा | 16/- |
| 4 | इन्वर्टर बैटरी | 52 किग्रा | 75/- |

01. निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि - 01.01.2024 को समय 02:00 बजे तक
02. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि - 02.01.2024 को समय 02:00 बजे तक
03. निविदा खोलने की तिथि - 03.01.2024 को समय 12:00 बजे

नोट:-

1. निविदा फार्म 400 रूपये मूल्य का चालान शीर्ष 0055 पुलिस मिसलेनियस पुलिस रिसिप्ट के अंतर्गत सेनानी सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज कांकेर (छ.ग.) के नाम से जमा कर निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है।
2. अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

सेनानी
सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज कांकेर (छ.ग)

G- 06414/2

# 'तुझसे नाराज नहीं जिंदगी' के गायक घोषाल नहीं रहे

**कोलकाता।** हिंदी फिल्म 'मासूम' के लोकप्रिय गाने 'तुझसे नाराज नहीं जिंदगी' के गायक अनूप घोषाल का शुक्रवार को यहां निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। बंगाली गायक अनूप घोषाल ने अपनी आवाज से सत्यजीत रे की कई फिल्मों के गीतों को अमर बना दिया । घोषाल 77 वर्ष के थे। वह पिछले कई दिनों से वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के कारण दक्षिण कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। और अपराह्न एक बजकर 40 मिनट पर उनके शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद दिया, जिस कारण उनका निधन हो गया। घोषाल के परिवार में दो बेटियां हैं। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर उत्तरपाड़ा सीट से 2011 का विधानसभा चुनाव सफलतापूर्वक लड़ा था ।

## कार्यालय, नगर पालिक निगम जोन क्रमांक-03 रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 55/न.पा.नि./ जोन-3 / 2023-24 रायपुर, दिनांक 14.12.2023

### :: निविदा आमंत्रण सूचना ::

(सामान्य मद)

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 03 में निम्न कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है :-

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|---|
| 01 | 150002 | रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक 10 अंतर्गत कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 36 सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराये जाने का कार्य | 52.63 Lacs |
| 02 | 150003 | कालीमाता वार्ड क्रमांक 11 अंतर्गत कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 35 सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराये जाने का कार्य | 51.17 Lacs |
| 03 | 150004 | गुरु गोविन्द सिंह वार्ड क्रमांक 29 अंतर्गत कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 35 सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराये जाने का कार्य | 51.17 Lacs |
| 04 | 150005 | शंकर नगर वार्ड क्रमांक 30 अंतर्गत कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 35 सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराये जाने का कार्य | 51.17 Lacs |
| 05 | 150006 | मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक 48 अंतर्गत कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 40 सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराये जाने का कार्य | 58.48 Lacs |

इस हेतु विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा, कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-03
नगर पालिक निगम, रायपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् कुम्हारी, जिला- दुर्ग(छ.ग.)

### ।। मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना ।।

क्रमांक/2757/लोक कार्य /निविदा आमंत्रण/2023 कुम्हारी दिनांक 14.12.2023

नगर पालिका परिषद कुम्हारी हेतु निम्नानुसार कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयक फर्म / ठेकेदारों से निविदा फार्म F में केवल स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 27.12.2023 सायं 05.00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र हेतु क्रय की अंतिम तिथि - 28.12.2023 सायं 05.00 बजे तक।
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि - 04.01.2024 सायं 04.00 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 05.01.2024 प्रातः 11.00 बजे से।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. - 13 जी.ई.रोड कुम्हारी टोल प्लाजा के पास आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य (6 सीटर एवं 6 यूरिनल सहित ) | 16.92 |

**नियम एवं शर्ते :-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइंट में **uad.cg.gov.in** से डाऊनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिका परिषद् कुम्हारी

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email- sepwdkanker.2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in
Fax No. 07868-224040

### -: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क / भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2024 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 81 | 149477 | जिला-कोण्डागांव के वि.खं. माकड़ी के अंतर्गत उदेगा से कांटागांव मार्ग लं. 2.065 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 194.51 लाख |
| 02 | 82 | 149926 | जिला- नारायणपुर के ग्राम-सुलेगा में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य । | 57.96 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
**ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है । (स.क्र.01 हेतु)**
डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि 01.01.2024 सायं 05.30 बजे तक ।


नोट:- प्रथम आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

G- 06413/2

# हमास के खिलाफ लड़ाई में कई महीने का वक्त लगेगा

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव



- इजराइली के रक्षा मंत्री गैलेंट ने जताया अनुमान
- हमास को तबाह करने में अभी कई महीने लगेंगे

इजराइल के रक्षा मंत्री याओव गैलेंट ने लंबे समय तक युद्ध चलने का अनुमान जताते हुए कहा कि हमास को तबाह करने में कई महीने लगेंगे। उनका यह बयान तब आया है जब इजराइल और उसके शीर्ष सहयोगी अमेरिका पर गाजा में तबाही को लेकर अंतरराष्ट्रीय रूप से अलग-थलग पड़ने का दबाव बढ़ गया है।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने गाजा में बड़ी लड़ाई खत्म करने की समयसीमा पर चर्चा करने के लिए हाल में इजराइली नेताओं से मुलाकात की। इजराइली नेताओं ने सात अक्टूबर को किए गए हमले के लिए आतंकवादी संगठन को खत्म करने तक सैन्य हमला जारी रखने का संकल्प दोहराया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने हताहतों की संख्या कम करने में इजराइल की नाकामियों और गाजा के भविष्य के लिए उसकी योजनाओं को लेकर असहजता दिखायी है लेकिन साथ ही व्हाइट हाउस हथियार भेजकर इजराइल की पूरी मदद कर रहा है। बाइडन ने कहा, 'मैं चाहता हूं कि वह इस पर ध्यान केंद्रित करें कि आम लोगों की जान कैसे बचायी जाए।

हमास का पीछा करना मत छोड़ना लेकिन अधिक सतर्क रहो।'फलस्तीन प्राधिकरण के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि अमेरिका इजराइल से अधिक सख्ती से निपटें, खासतौर से इजराइल-फलस्तीन संघर्ष के द्वि-राष्ट्र के समाधान के लिए युद्ध के बाद वार्ता करने की वाशिंगटन की मांग के संबंध में।बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि अमेरिका इस विकल्प की तलाश कर रहा है कि अगर इजराइल गाजा से हमास को उखाड़ फेंकने में कामयाब हो जाता है तो फलस्तीनी प्राधिकरण से जुड़े सुरक्षा कर्मी जन सुरक्षा बहाल करने में मदद करें।

### पूर्ण जीत तक लड़ाई जारी रहेगी

तेल अवीव में सुलिवान के साथ वार्ता के बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने इजराइल के 'अमेरिकी मित्रों' को बताया कि देश 'हमास को खत्म करने - पूर्ण जीत तक लड़ाई जारी रखने में पहले से अधिक दृढ़ है।

# मणिपुर: संघर्ष में मारे गए 19 लोगों को आठ माह बाद दफनाया गया

**इंफाल।** मणिपुर में जातीय हिंसा में मारे गए कुकी जो समुदाय के 19 व्यक्तियों को मृत्यु के आठ महीने बाद राज्य के कांगपोकपी जिले में शुक्रबार को दफना दिया गया। फाईजांग गांव में कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी द्वारा आयोजित सामूहिक अंतिम संस्कार में पीड़ितों के मित्र एवं रिश्तेदार शामिल हुए। ऑर्गेनाइजेशंस के संयोजक लालदोंनलियान वर्ते ने कहा कि 87 अन्य सदस्यों के शव 20 दिसंबर को चूराचांदपुर जिले में दफनाए जाएंगे। आयोजकों ने कहा कि 19 पीड़ितों के शव इंफाल में करीब आठ महीने से शवगृह में थे। आखिरकार ''सम्मानजनक'' तरीके से उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# पत्नी व दो बच्चों की हत्या के बाद पुलिसकर्मी ने की आत्महत्या

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सिद्दिपेट के जिलाधिकारी के एक निजी सुरक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को अपनी रिवॉल्वर से पत्नी और दो बच्चों की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। सिद्दिपेट की पुलिस आयुक्त एन श्वेता के अनुसार, निजी सुरक्षा अधिकारी ए नरेश, चिन्नाकोडूर मंडल में अपने गांव रामुनी पाटला गये थे, क्योंकि जिलाधिकारी शहर में नहीं थे। नरेश ने करीब साढ़े 11 बजे यह कदम उठाया। उनकी उम्र 30 साल से अधिक थी। पुलिस आयुक्त ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि नरेश पर कर्ज का बोझ था। इसी कारण उन्होंने यह कदम उठाया। वह जिला सशस्त्र गार्ड शाखा में कार्यरत थे।

# उत्तरप्रदेश में योगी ने शुरू की क्रूज सेवा

**गोरखपुर (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि 'लैंड लॉक्ड स्टेट' कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश में सरकार ने राप्ती, सरयू, गंगा और यमुना जैसी नदियों में 'इनलैंड वाटर वे' सेवा शुरू करने के लिए 'इनलैंड वाटर वे ऑथॉरिटी' का गठन किया है जिससे क्रूज सेवा को बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रेल और 'एयर कनेक्टिविटी' भी शानदार है।



# नए साल में देखने मिलेंगी रोमांचक जोड़ियां

एजेंसी ▸▸ मुंबई

जैसे-जैसे वर्ष 2024 सामने आएगा, बॉलीवुड प्रेमी खुद को ताजा और आकर्षक ऑन-स्क्रीन जोड़ियों की एक श्रृंखला के लिए तैयार कर सकते हैं जो अपनी केमिस्ट्री और करिश्मा के साथ सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने का वादा करती हैं। हाई-ऑक्टेन एक्शन से लेकर दिल छू लेने वाले रोमांस तक, आगामी रिलीज विभिन्न प्रकार की शैलियों का दावा करती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि हर सिनेमा प्रेमी के लिए कुछ न कुछ हो। आइए गतिशील जोड़ी और उनकी बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं पर एक नजर डालें।



### विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना - चावा

लक्ष्मण उतेकर ने चावा में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना को निर्देशित किया है। चूंकि इस महीने उनकी संबंधित फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरा रही हैं, प्रशंसक 6 दिसंबर, 2024 को इस आगामी रिलीज में उनके पहले सहयोग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति - मेरी क्रिसमस

अपनी मूल रिलीज 8 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 तक स्थानांतरित होकर, मेरी क्रिसमस कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की अप्रत्याशित लेकिन दिलचस्प जोड़ी को एक साथ लाती है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक आनंदमय सिनेमाई आश्चर्य होने की उम्मीद है।

### राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा - योद्धा



एक्शन से भरपूर फिल्म /"योद्धा/" में एक ताजा जोड़ी ने प्रशंसकों को उत्सुक कर दिया है। राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा इस आगामी थ्रिलर में स्क्रीन पर तीव्रता और जोश लाने के लिए तैयार हैं।

### शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े - देवा

/"देवा/" में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े के साथ दशहरा मनाएं। एक हाई-प्रोफाइल मामले की जांच कर रहे एक विद्रोही पुलिस अधिकारी की यह गहन कहानी दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखने का वादा करती है।

### कृति खरबंदा और सनी सिंह - रिस्की रोमियो

/"रिस्की रोमियो/" में कृति खरबंदा और सनी सिंह के साथ एक रोलरकोस्टर सवारी के लिए तैयार हो जाइए। यह होनहार जोड़ी इस रोम-कॉम में हंसी, प्यार और शायद जोखिम की खुराक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## कर्मा कॉलिंग का दमदार टीजर आउट



मुंबई। रवीना टंडन की अपकमिंग सीरीज कर्मा कॉलिंग का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में रवीना का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार में रिलीज होगी। रुचि नारायन के निर्देशन में बनी इस सीरीज में रवीना एक अमीर शख्सियत इंद्राणी कोठारी का किरदार निभाती दिखाई देंगी। कर्मा कॉलिंग की रिलीज डेट का ऐलान भी किया गया है। कर्मा कॉलिंग अमीरों की दुनिया की असलीयत बताती है। सीरीज में दिखाया जाएगा कि इंद्राणी कोठारी की ग्लैमर और चकाचौंध से भरी दुनिया में कितना धोखा भरा है। ये सीरीज 26 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है। रवीना ने बताया कि वह इस सीरीज के साथ जुड़कर बहुत खुश हैं। उन्होंने इससे पहले कभी भी ऐसा किरदार नहीं निभाया। रवीना ने कहा कि वह दर्शकों के रिव्यू का इंतजार कर रही हैं।

## फाइटर का गाना शेर खुल गए रिलीज

मुंबई। फिल्म 'फाइटर' का गाना 'शेर खुल गए' रिलीज हो गया है। डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने इस पार्टी सीजन सॉन्ग के साथ अपनी फिल्म के म्यूजिकल सफर की शानदार शुरुआत कर दी है। धमाकेदार डांस बीट्स से भरपूर, 'शेर खुल गए' आपके पार्टी के जज्बे को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का वादा करता है। अपने कमाल के डांसिंग स्किल्स के लिए मशहूर ऋतिक रोशन भी सरप्राइज करने में फेल नहीं होते हैं। इस गाने में उनके डांस मूव्स बेहद शानदार हैं। साथ ही वो हर कदम पर जादू बिखेरते हुए इस गाने को दर्शकों के लिए एक सदाबहार ट्रीट बनाते हैं। इसके अलावा गाने में करण सिंह ग्रोवर, संजीदा शेख और अक्षय ओबेरॉय ने जोशिला माहौल बनाया है। 'शेर खुल गए' गाने को विशाल ददलानी, शेखर रावजियानी, बेनी दयाल और शिल्पा राव ने अपनी आवाज दी है।



असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि. नं. 573034 देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें

घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्टी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिसफुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
मो. 94252-14479, 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

डॉ. जाऊलकर
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीघ्र पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडिसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• यूरोलॉजी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेंडिक्स, पित्त की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

**आवश्यकता है-** ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। **संपर्क करे:- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525.** (RO-6301)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** *सिक्योरिटी गार्ड *फिल्ड ऑफिसर 3 *मार्केटिंग ऑफिसर 5 *सुपरवाइजर 3 *टेली कॉलर, कम्प्यूटर ऑपरेटर 5 योग्यताः स्नातक - स्नातकोत्तर वेतन योग्यतानुसार, **संपर्क:- 434 चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर 07714002070, 7747000016, 7746000016.** (RO-2328)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के रायपुर और रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 5 वी,8, 10 वी पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 mobile **8109070600,7869230888, 8085859632, 8839506548.** (RO-1031)

### सेल्समैन/हेल्पर

**आवश्यकता है-** थोक वस्त्र व्यवसाय में कार्य करने हेतु अच्छे हैंड राइटिंग वाले अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर एंव सेल्समेन व हेल्पर की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (RO-1631)

### सेल्समैन/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** सेल्समेन एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी व नये को प्राथमिकता। **संपर्क - भारत मेडिकोज रिसाली भिलाई - 9584311001.** (RO-1471)

क्लासीफाईड

### घरेलु/कुक कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर में गृह कार्य झाड़ू- पोछा कपड़ा बर्तन साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु शादीशुदा या अकेले पुरुषों एवं महिलाओं (जिनके बच्चे साथ में न रहते हो) की आवश्यकता है। **संपर्क करें:- 9977200093.** (RO-2147)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा स्विफ्ट। चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। सैलरी क्रिस्टा- 25000, स्विफ्ट- 15000, + PF+ ESI+ पेंशन, संपर्क करें राहुल ट्रेवल्स रायपुर एयरपोर्ट मोबाइल 7399411411. (RO-3670)

### चौकीदार

**आवश्यकता है-** दुर्ग शहर के पास मछली फार्म में काम करने और देख रेख हेतु स्थाई नौकर की तुरंत आवश्यकता है। रहना, खाना और वेतन कार्यानुसार। **संपर्क करें :- 9806651332, 9981260264.** (RO-365)

**आवश्यकता है-** चौकीदार कि आवश्यकता है जो फैक्ट्री में रह कर चौकीदारी करें Address:- **बहानाकाड़ी पोल फैक्ट्री मंदिर हसौद रायपुर (छ.ग.) मो. 88271-50000.** (RO-1042)

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति **बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- डागा ब्रदर्स फाफाडीह चौक रायपुर** (RO-076)

**आवश्यकता है-** उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करें। **डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 9424-225533.** (RO-082)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्यकता ..गुढियारी और आस पास के लोगो को प्राथमिकता **त्रिभुवन जैन नर्मदा पारा रायपुर** Mo **9425517126.** (RO-383)

छोटा विज्ञापन

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्यकता हैं,आकर्षक वेतन। **संपर्क - समय 12 से 5 बजे। पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर।** (RO-1042)

### कम्प्युटर टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** स्कूल में कार्य करने हेतु कंप्यूटर टेक्नीशियन (जिसे हार्डवेयर,नेटवर्किंग, कैमरे का ज्ञान हो) इलेक्ट्रीशियन चौकीदार,ड्राइवर एवम चपरासी की आवश्कता हैं, **अनुभवी संपर्क करे। मॉडल स्कूल,सिविल लाइन रायपुर 9425214413, 9329621221.** (RO-382)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** अनुभवी, व्यवहार कुशल, फुल टाईम (भिलाई दुर्ग) ड्राइवर चाहिए। वेतन योग्यतानुसार प्लस रहना खाना पीना मोबाइल मेडिकल फ्री। **संपर्क :- 9051653334.** (आरो न.-367)

### नर्सिंग स्टाफ

**आवश्यकता है-** बच्चों के अस्पताल में नर्सिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित स्टॉफ की आवश्यकता है। वेतन 10000/-रु. तक। आवास सुविधा उपलब्ध। **रचहकर बच्चों का अस्पताल, भारत माता स्कूल के पास, टाटीबंध, रायपुर। संपर्क 0771-2572033/ 9399777426.** (आरो-53)

### असिस्टेंट

**Wanted-** FEMALES OFFICE ASSISTANT REQUIRED, WORK- (CONSULTANT FOR- ABROAD EMPLOYMENT, PASSPORT, HAJJ-UMRAH MARRIAGE-BUREAU AIRTICKET) SALARY (7000- 10000), TIMING (9.30- 19.30) CONTACT- MIG /2/ 239, HUDKO **9329000023 / 9406012786.** (आरो-366)

क्लासीफाईड

### मैनेजर

**आवश्यकता है-** मैनेजर एवं शॉप में कार्य करने कर लिए अनुभवी लड़को की आवश्यकता है। **संपर्क करे:- श्याम हार्ड वेयर स्टोर्स, स्टेशन रोड, देशबन्धु स्कूल के रायपुर, मो.- 9300908801.** (आरो-064)

### साफ-सफाई कार्य

**आवश्यकता है-** देवपुरी (रायपुर) घर के सब काम, जैसे झाड़ु, पोछा, और बर्तन साफ करने के लिए पुरुष या महिला की तत्काल जरूरत है। **संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9302708426, 9039584784.** (आरो-2332)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में झाड़ु पोछा साफ- सफाई कार्य के लिए बाई (महिला) की आवश्यकता है। **संपर्क- क्लासिक स्पार्कलर्स, बी.एस.एन.एल ऑफिस के सामने, जय गोपाल सोसायटी, फाफाडीह चौक, रायपुर** (आरो-077)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष, 10वीं, 12वी ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए। वेतन 8000+ रहना, खाना फ्री+ कमीशन+ बोनस+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं। **सम्पर्क करें- 7415455110, 7898882634.** (आरो-32181)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-25 वर्ष के 10वी 12वी पास अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना फ्री ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 **सम्पर्क सरकंडा बिलासपुर 8962488970.** (आरो-32182)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ से बाहर रहकर ऑफिस कार्य हेतु 10वीं, 12वीं पास लड़के चाहिए। सैलेरी 10000+ कमीशन+ बोनस आवास फ्री ट्रेनिंग पश्चात कमाएं 15000 से 20000 हजार महीना। **सम्पर्क करें- 9685388875, 8827688865.** (आरो-32201)

### वर्क फ्राम होम

**आवश्यकता है-** सुनहरा अवसर घर बैठे बेरोजगार, हाउसवाइफ, स्टूडेंट, जॉब पीपल,कर्ज में फंसे लोग और दिव्यांग भाई बहन,अपने स्मार्टफोन से ऑनलाइन वर्क से कमाए 500 से 2000 रुपये तक प्रतिदिन पार्ट टाइम या फुल टाइम **संपर्क करे :- 81093-15447.** (आरो न.-6306)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां,स्टूडेंट, रिटायर्ड पर्सन कमाए ( 21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp **करें 9631550466.** (आरो-6620)

### अन्य

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (Head Office) हेतु पक्की परमानेंट नौकरी (बिना इंटरव्यू सीधी भर्ती) अनपढ़ से ग्रेजुएट (लड़के-लड़कियां) तुरंत ट्रेनिंग शुरू (28300- 84900/-) सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, चेकर, हेल्पर, गार्ड (रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर **संपर्क:- 07827301340.** (आरो-2319)

**आवश्यकता है-** ORDEAL कंपनी को 100 लड़के लड़कियों की आवश्यकता है आय (10500 - 15500) प्रतिमाह आवास+ खाना फ्री परमानेंट जॉब **पता- साकेत नगर चगोरा भाटा रायपुर MOB- 9528368316, 7024480878.** (आरो-6594)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लड़किया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त ) NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL / SMS / WHATSAPP **करें :- 8695963713.** (आरो-1306)

छोटा विज्ञापन

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) तुरंत ट्रेनिंग शुरू अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (34900- 81300) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर **संपर्क:- 8882895824.** (आरो-2303)

## Education शिक्षण

**फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार-** ओपन प्राईवेट द्वारा 10वीं,12वीं निश्चित सफलता के साथ पास करें B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC,MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(* अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** Bharti Education Academy , Sector-6 Bhilai Mo.- **9826196515, 9826896515.** (आरो न.-6308)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- **7477221345, 9977676447,** बिलासपुर **9993444253, 8359913999,** रायगढ़- **7869755871.** (आरो-2284)

## Property प्रापर्टी

### दुकान

**बेचना है-** दुकान बेचना है नेहरुनगर पूर्व व्यावसायिक परिसर भिलाईनगरनिगम की लगभग 200 वर्गफुट भूतल स्थित पार्किंग सुविधायुक्त दुकानदारी कोचिंगक्लास कार्यालय आदि हेतु **अतिशीघ्र बेचना है संपर्क 09755456644.** (आरो-m)

### मकान

**मकान बेचना है-** चंगोराभाठा मे 750वर्गफुट 2BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ स्वतंत्र नया मकान एवं रायपुरा विप्र नगर 1650फुट प्लॉट 31 दिसंबर के पहले बुकिंग करने पर इलेक्ट्रिक स्कूटर फ्री **संपर्क:- 9300505421, 9993451070.** (आरो-2335)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद
◦ गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन।
◦ शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना।
◦ लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी।
◦ शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
◦ आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
◦ चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
◦ निःसंतान दम्पति आज ही मिले।
आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग मे शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सौंरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
होटल आशीष इंटरनेशनल जी.ई.रोड पॉवर हॉऊस बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

हर्पिस रोग, सिफलिस- रुबेला, हेपाटाइटिस व एच.आई.वी.(HIV) एवं यौन समस्या
यौन समस्या :
बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. बी. के. अग्रवाल
निशांत अग्रवाल
9425555659, 9617789223, 9303948500,, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।

अब आप पायेंगे अपना एक सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन एक साथ प्रकाशित किया जायेगा।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें- 7987119756, 6263818152

सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 400 | 500 | 460 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 350 | 450 | 450 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 335 | 385 | 410 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 530 | 650 | 640 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 440 | 490 | 530 | 195/- Sq cm |
| All CG | 800 | 920 | 910 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1080 | 1350 | 1220 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1350 | 1700 | 1600 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply
SCHEME
5% GST for All Ad

MATRIMONIAL CG+MP

| (Running Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 400 /- 1 Sunday | 500 /- 1 Sunday |
| 700 /- 2 Sunday | 900 /- 2 Sunday |
| 900/- 3 Sunday | 1200/- 3 Sunday |

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE |
|---|---|
| Raipur City | 2800 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 |
| Raipur Edition | 4000 |
| Bilaspur City | 2200 |
| Bilaspur Edition | 3500 |
| All CG | 5000 |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

city page 11_Layout 1 12/16/2023 12:06 AM Page 1



We Care
Today... Tomorrow... for Life

# वी केयर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल

NABH PRE ACCREDITED
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE

हरिभूमि 22nd Anniversary

## यहां बिखरती है मुस्कान...




## उपलब्ध सुविधाएं...

- ट्रॉमा, एक्सीडेंट, आपातकालीन विभाग
- एडवांस आर्थोपेडिक विभाग
- घुटना, कूल्हा एवं जोड़ प्रत्यारोपण
- न्यूरो एवं स्पाईन सर्जरी
- न्यूरोलॉजी विभाग
- यूरोलॉजी एवं स्टोन क्लीनिक
- जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल मेडिसीन
- बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- श्वास एवं छाती रोग
- मिनिमल एक्सेस सर्जरी विभाग
- आईसीयू एवं क्रिटिकल केयर
- डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी

सभी प्रमुख
**बीमा कंपनियों एवं TPA से**
**CASHLESS**
ईलाज की सुविधा उपलब्ध

**BSKY (BIJU कार्ड) से**
**निःशुल्क**
ईलाज की सुविधा उपलब्ध

**राज्य सरकार के कर्मचारियों के ईलाज के लिए मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल**

**कोल इंडिया लिमिटेड (SECL) , केंद्र सरकार (CGHS), Railway (SECR), FCI, DRDO, ONGC, CSPDCL, आर्म्ड फोर्स (CAPF, CRPF इत्यादि) के कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त के CASHLESS ईलाज की सुविधा उपलब्ध।**

जी.टी.बी. प्लॉजा, एयरटेल ऑफिस के पास, रिंग रोड नं. 1, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
Emergency No. : +91 91091 78901 | 0771 - 4024901

ADITYA ADVT.

# 38 दिन का इंतजार, फिर अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला का दीदार

- तीन मूर्तियों में एक चुनने की प्रक्रिया शुरू
- गर्भगृह तैयार, फर्स्ट फ्लोर भी लगभग पूरा
- भूतल व प्रथम तल पर निर्माण की समय सीमा 31 दिसंबर तय

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

अयोध्या में श्रीरामजन्म भूमि पर बन रहे भव्य राममंदिर का इंतजार अब बस 38 दिन का रह गया है। मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को होना है। प्रथम तल का 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है। रामलला के तीनों मूर्तियों का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। अब तीनों मूर्तियों में से एक चुनने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गर्भगृह में आधार आसन (पैडेस्टल) का निर्माण शुरू हो गया है। भूतल में कमल दल स्वरूप में निर्माणाधीन इसी आसन पर रामलला विराजमान होंगे।

लगभग चार फुट के इस आधार आसन के ऊपर 51 इंच के रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा अगले वर्ष 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होनी है। भूतल और प्रथम तल पर काम पूरा करने की समय सीमा 31 दिसंबर है। भूतल पर तो सिर्फ फिनिशिंग का काम चल रहा है। फर्श की घिसाई के बाद अब पालिशिंग का काम चल रहा है। यह काम पूरा हो जाने के बाद स्वर्ण जड़ित दरवाजों को लगाने का काम किया जाएगा। कुल मिलाकर

**राममंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को होना है**



भूतल पर लगाए जाने वाले 18 दरवाजों को लगाए जाने का मुख्य काम ही बचा है। वह भी तय समय सीमा के अंदर पूरा कर लिया जाएगा।

### भूतल पर सिर्फ फिनिशिंग का काम बाकी

भूतल पर लाइटिंग की टेस्टिंग हो चुकी है। स्तंभों का काम भी पूरा हो चुका है। स्तंभों को अंतिम रूप कलाकार दे रहे हैं। भूतल पर सभी कार्यों की सिर्फ फिनिशिंग की जा रही है। वहीं प्रथम तल पर गर्भगृह व छत आदि का काम बाकी है। रंगमंडप व नृत्य मंडप के ऊपर आमलक को तैयार किया जा चुका है। प्रथम तल पर गुड़ी मंडप पर आमलक तैयार किए जाने का काम किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### अभिनेता तलपड़े को दिल का दौरा, हुई एंजियोप्लास्टी

**मुंबई।** अभिनेता श्रेयस तलपड़े को दिल का दौरा पड़ा है और उनकी यहां एक अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई है। अभिनेता की पत्नी दीप्ति ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक बयान जारी कर कहा कि श्रेयस की हालत स्थिर है और उन्हें कुछ दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। श्रेयस (47) ने गुरुवार को बेचैनी की शिकायत की थी और वह अपने घर में बेहोश हो गए थे। उनके परिवार के सदस्य उन्हें अंधेरी के बेलेव्यू हॉस्पिटल लेकर गए थे।

### प्रिंस हैरी ने डेली मिरर के खिलाफ जीता मुकदमा

**लंदन।** प्रिंस हैरी ने 'डेली मिरर' के प्रकाशक के खिलाफ दायर फोन हैकिंग का मुकदमा जीत लिया है और अदालत ने समाचार पत्र को उन्हें क्षतिपूर्ति के रूप में 1,40,000 ब्रिटिश पाउंड देने का आदेश दिया है। हैरी ने 'डेली मिरर' के खिलाफ कई मुकदमे किए हैं, जिनमें यह मुकदमा भी शामिल है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश टिमोथी फैनकोर्ट ने पाया कि मिरर समूह के समाचार पत्रों के लिए वर्षों से फोन हैकिंग की जा रही थी।

## प्रधानमंत्री मोदी रहे समारोह में मौजूद

# राजस्थान में भजनलाल ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

एजेंसी ▸▸ जयपुर

राजस्थान में भाजपा के पहली बार के विधायक भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को जयपुर स्थित अल्बर्ट हॉल के बाहर राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल कलराज मिश्र ने तीनों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

भजनलाल शर्मा ने अपने जन्मदिन के मौके पर शपथ ली है। शपथ ग्रहण से पहले उन्होंने आचार्य मृदुल शास्त्री का आशीर्वाद लिया। शर्मा ने शपथ ग्रहण समारोह से पहले बताया कि जन्मदिन के अवसर पर वह गोशाला पहुंचे और यहां उन्होंने गायों की सेवा की। इसके बाद उन्होंने संतों और गुरुजी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा, 'हमारा राजस्थान अग्रणी प्रदेश बने, यही ठाकुरजी से प्रार्थना की है। हमारे प्रधानमंत्री जी ने जो गारंटी दी है, उसे निश्चित रूप से पूरे राजस्थान के अंदर लागू किया जाएगा।' उन्होंने अपने माता-पिता के पैर धोएं और उनको माला पहनाई।




### कौन हैं भजनलाल शर्मा?

भजनलाल शर्मा लंबे समय से भाजपा के संगठन में कार्यरत हैं। वह 4 बार प्रदेश महासचिव रह चुके हैं और उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का करीबी भी माना जाता है। शर्मा ने राजनीतिक सफर की शुरूआत आरएसएस के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की थी। शर्मा पहली बार विधायक बने हैं। उन्होंने सांगानेर सीट से कांग्रेस के पुष्पेंद्र भारद्वाज को 48,081 वोटों से हराया था। शर्मा के पास करीब 1.50 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति है।




- भजनलाल ने अपने जन्मदिन के मौके पर ली शपथ
- शपथ ग्रहण से पहले आचार्य मृदुल शास्त्री से लिया आशीर्वाद
- दीयाकुमारी व प्रेमचंद ने ली उपमुख्यमंत्री पद की शपथ



### हजारों की भीड़ में रोने लगे शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा के दौरे पर थे। इस दौरान पूर्व सीएम पूरा समय अपनी महिला समर्थकों से घिरे रहे। समर्थकों के अपने लिए प्यार देखकर शिवराज सिंह खुद को रोक नहीं पाए और रोने लगे। 'मामा' को रोता देख महिला समर्थकों ने उन्हें गले लगा लिया। महिलाओं के गले लगाने के बाद शिवराज सिंह चौहान भावनाओं में बहकर रो पड़े। एमपी के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने अपने कार्यकाल के दौरान महिला केंद्रित कई कल्याणकारी योजनाएं शुरु की थीं। भोपाल से करीब 55 किलोमीटर दूर चौहान विदिशा के एक प्रसिद्ध हनुमान मंदिर जा रहे थे तब महिलाओं ने उन्हें घेर लिया और उनकी प्रशंसा में नारे लगाए। महिलाओं और लड़कियों ने उन्हें भैया और मामा कहकर गले लगा लिया।


HDFC BANK

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**

शाखा: अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

**मांग-सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें।

जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.

उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में 18% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | **श्रीमती देवी कमला, श्री दास शुभम,** फ्लैट-104-टावर-L, फ्लोर-1, चैतन्य ग्रीन्स एलआईजी और कमर्शियल, स.क्रमांक, खसरा नंबर 313/1-2, 320, 322/1-2-3-4; प.ह.नं. 109/39; ग्राम-सड्डू-492007. **अन्य पता :-** 868, सुकबासुपारा, तिलक नगर, कुनकुरी, वार्ड नंबर 11, कुनकुरी, जशपुर, कुनकुरी, छ.ग. -496445. | ₹ 27,36,757/- as on 31-OCT-2023* | 27-NOV-2023 | फ्लैट-104-टावर-L, फ्लोर-1, चैतन्य ग्रीन्स एलआईजी और कमर्शियल, स.क्रमांक, खसरा नंबर 313/1-2, 320, 322/1-2-3 -4; प.ह.नं. 109/39; ग्राम-सड्डू, रायपुर छ.ग. |
| 2. | **श्री सोनी नीलम कुमार, श्रीमती सोनी रजनी,** यूनिट-एमआईजी-JR-06, अटल विहार योजना - उरगा, स.क्रमांक, ग्राम- उरगा, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड, उरगा, कोरबा - 495677. **अन्य पता :-**एम.आई.जी. 99, आर पी नगर फेस -2, दुर्गा पंडाल के पास, कोरबा, छ.ग. | ₹ 17,93,442/- as on 31-OCT-2023* | 27-NOV-2023 | यूनिट-एमआईजी-JR-06, अटल विहार योजना - उरगा, स.क्रमांक, ग्राम- उरगा, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड, उरगा, कोरबा, छ.ग. |
| 3. | **श्री पुतलहरे सुंदर लाल, श्री पुतलहरे राजेंद्र,** प्लॉट नंबर 81, ब्लॉक-26/1, खसरा नंबर 691/27, प.ह.नं. 23, मौजा-तिफरा, विकास खण्ड, बिल्हा-वार्ड क्रमांक 12, क्रांति कुमार भारती वार्ड, बिलासपुर-छ.ग.-495001. **अन्य पता :-** मकान नंबर 9/910, सुंदर देव सदन, गली नंबर 5, रजा मस्जिद के पास, भारतीय नगर वार्ड नंबर 09, बिलासपुर-सी.जी.-495001 | ₹ 17,25,431/- as on 31-OCT-2023* | 27-NOV-2023 | प्लॉट नंबर 81, ब्लॉक-26/1, खसरा नंबर 691/27, प.ह.नं. 23, मौजा-तिफरा, विकास खण्ड, बिल्हा- वार्ड क्रमांक 12, क्रांति कुमार भारती वार्ड, बिलासपुर-छ.ग. |
| 4. | **श्री पांडे घनश्याम किंकर, श्रीमती पांडे पूजा,** यूनिट-26 वॉलफोर्ट पार्कव्यू, स.क्रमांक,, खसरा 43/6-7, 43/9, 45/1, 2, 4, 5, 67/1, 2, 4-14, 16, 69/1-5, 70/1-2, 71/2, 72/1, 3, 5, 73/3-4, प.ह.नं. 27, दतरेंगा- 492015 **अन्य पता :-** द्वारा सूरज कुमार चंद्रा, दीप्ति विहार ब्लॉक नंबर 3, जिला पंचायत के पास, जांजगीर चांपा-495668. | ₹ 51,8,705/- as on 31-OCT-2023* | 27-NOV-2023 | यूनिट-26 वॉलफोर्ट पार्कव्यू, स.क्रमांक,, खसरा 43/6-7, 43/9, 45/1, 2, 4, 5, 67/1, 2, 4-14, 16, 69/1-5, 70/1-2, 71/2, 72/1, 3, 5, 73/3-4, प.ह.नं. 27, दतरेंगा, रायपुर छ.ग. |
| 5. | **श्रीमती खान हीना, श्री खान मोहम्मदकैफ,** फ्लैट-डी-608, फ्लोर-6, मैग्ना मीडोज, स.क्रमांक, खसरा नंबर 652/1, 652/11, 652/2, 654/7, प.ह.नं. 23, पी.नं. 533 से 535, शीट नं. 20, बी.नं. 27, मौजा तिफरा, भारतीय नगर, गायत्री नगर, बिलासपुर-495001. **मेसर्स नखरैली** द्वारा प्रोपराइटर **श्रीमती हीना खान** के माध्यम से नखरैली, तीसरी मंजिल, रामा मैग्नेटो मॉल, श्रीकांत वर्मा मार्ग-बिलासपुर-छ.ग.-495001 | ₹ 29,00,219/- as on 31-OCT-2023* | 27-NOV-2023 | फ्लैट-डी-608, फ्लोर-6, मैग्ना मीडोज, स.क्रमांक, खसरा नंबर 652/1, 652/11, 652/2, 654/7, प.ह.नं. 23, पी.नं. 533 से 535, शीट नं. 20, बी.नं. 27, मौजा तिफरा, भारतीय नगर, गायत्री नगर, बिलासपुर छ.ग. |
| 6. | **श्रीमती सीमा,** खसरा नया नंबर 325/684, पुराना नंबर 325/514(भाग), मकान प.ह.नंबर 105/61, मौजा मठपुरैना, रावतपुरा-II, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड नंबर 60, रायपुर -492001. **अन्य पता :-** रसौटा, रसोटा, जांजगीर, चांपा-495668. **श्रीमती मीना, श्री भास्कर प्रसाद,** खसरा नया नंबर 325/684, पुराना नंबर 325/514(भाग), मकान पी.एच.नंबर 105/61, मौजा मठपुरैना, रावतपुरा-II, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड नंबर 60 रायपुर-492001. **अन्य पता :-** शिव पार्क कॉलोनी, शिव पार्क कॉलोनी, मोहली, अमलेश्वर, दुर्ग-491111. | ₹ 22,02,915/- as on 31-OCT-2023* | 27-NOV-2023 | खसरा नया नंबर 325/684, पुराना नंबर 325/514(भाग), मकान प.ह.नंबर 105/61, मौजा मठपुरैना, रावतपुरा-II, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड नंबर 60, रायपुर, छ.ग. |
| 7. | **श्री राठौड़ विकास, श्रीमती राठौड़ दीप्ति,** रो हाउस-एलआईजी-411, पंडित दीनदयाल आवास योजना सेजबहार, स.क्रमांक, ग्राम-सेजबहार एवं ग्राम-दतरेंगा, रायपुर। **अन्य पता :-** प्रोफेसर कॉलोनी, सेक्टर 1 स्ट्रीट 2, रायपुर-492001. | ₹ 11,70,100/- as on 31-OCT-2023* | 27-NOV-2023 | रो हाउस-एलआईजी-411, पंडित दीनदयाल आवास योजना सेजबहार, स.क्रमांक, ग्राम-सेजबहार एवं ग्राम-दतरेंगा, रायपुर, छ.ग. |
| 8. | **श्री निशाद विनोद कुमार, श्रीमती निषाद तिलेश्वरी,** यूनिट-58, 59 सर्वोदय ग्रीन्स, स.क्रमांक, खसरा नं. 49, प.ह.नं. 46/49, ग्राम-पोरहा-491001. **अन्य पता :-** वार्ड नंबर 16, शांति नगर, भिलाई-3, दुर्ग- 490024. | ₹ 16,98,406/- as on 31-OCT-2023* | 27-NOV-2023 | यूनिट-58, 59 सर्वोदय ग्रीन्स, स.क्रमांक, खसरा नं. 49, पी.एच.नं. 46/49, ग्राम-पोरहा-दुर्ग छ.ग. |

*18% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज के साथ। जैसा लागू हो, भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि।


यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।


उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : रायपुर,कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग
दिनांक : 16.12.2023

कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम), मुंबई-400020


| Station | Capacity (MW) | Cumulative | State |
|---|---|---|---|
| Korba | 2600 | 7180 | Chhattisgarh |
| Sipat | 2980 | | |
| Lara | 1600 | | |
| Gadarwara | 1600 | 3520 | Madhya Pradesh |
| Khargone | 1320 | | |
| Jhabua* | 600 | | |

*Total Capacity in Western Region-II: 10700MW including Joint Venture

SSIPMT RAIPUR

EN : 135
MB : 117

# Shri Shankaracharya Institute, Raipur

Old Dhamtari Road, Raipur, Chhattisgarh



INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL

NATIONAL ASSESSMENT & ACCREDITATION COUNCIL

SSIPMT RAIPUR

MBA | M.TECH | Ph.D

NBA Computer Sc. & Engg

nirf-Innovation Ranking Band 151-300

**B.TECH** CSE (AI) • AI & ML • CSE • IT • CIVIL • Mechanical • ET&T

## 100% Placement* in MBA, CSE, ET & IT Branches

Max. Package 25 lac

Average Package 5.10 lac

In Session 2022-23

More than 110+ companies visited for UG Courses & 60+ companies for PG Courses

*For all eligible students

PATENTS

50+ PUBLISHED 22+ GRANTED 39+ REGISTERED

START-UPS - 06

INDUSTRY TIE-UPS

NVIDIA. RPG FOUNDATION TATA STRIVE TESSOLVE Blueberry Semiconductors Pvt. Ltd. GitHub KALPA-TARU NECO

## OUR TOP PLACEMENTS IN 2022-23


Suraksha Mandhan
Microsoft
Package : 25 LPA


Shreya Gupta
Adobe
Package : 23 LPA


Apurva Gupta
Hacker Rank
Package : 22.44 LPA


Satvik Srivas
Coin Switch Kuber
Package : 20 LPA


Manpreet Singh Saluja
JTG
Package : 16 LPA


Mohammed Sahil
Pictory
Package : 12 LPA


Chahat Tekwani
Microsoft
Package : 12 LPA


Shubham Jain
JUSPAY
Package : 11LPA


Jagriti Agrawal
LeadSquared
Package : 11 LPA


Atharv Diwan
LeadSquared
Package : 11 PLA

And Many More....

## Our Major recruiters 2022-2023

Microsoft SAP JTG Adobe TCS TATA CONSULTANCY SERVICES TEKsystems Own change wipro HEXAWARE Persistent Tech Mahindra NUVOCO practo JUSPAY Indus Valley Partners KAMDHENU GROUP Capgemini Collabera

Old Dhamtari Road, P.O. Sejbahar, Mujgahan, Raipur (C.G.), PIN : 492 015

+91 8878444000, + 91 9522219177 info@ssipmt.com www.ssipmt.com

खबर संक्षेप



## अहलावत सऊदी ओपन में 22वें स्थान पर

**रियाद।** वीर अहलावत ने पहले दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेला, जिससे वह 10 लाख डॉलर इनामी सऊदी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के बाद संयुक्त 22वें स्थान पर हैं जो भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ है। भारत के ही एस चिक्कारंगप्पा और युवराज संधू ने इवन पार 71 का कार्ड खेला और यह दोनों संयुक्त 32वें स्थान पर हैं। थाईलैंड के चैपचाई नीरत सात अंडर 64 का स्कोर बनाकर पहले दौर के बाद बढ़त पर हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अजितेश संधू दो ओवर 73 का कार्ड खेलकर हनी बैसोया और करणदीप कोचर के साथ संयुक्त 60वें स्थान पर हैं।

## अफ्रीका की पिचें स्पिनरों के अनुकूल

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि अपनी तेजी और उछाल के लिए मशहूर रहे दक्षिण अफ्रीका के विकेट



वर्तमान दौरे में स्पिनरों के भी अनुकूल हैं। कुलदीप ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 17 रन देकर 5 विकेट लिए। वह भुवनेश्वर कुमार के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं जिन्होंने टी20 में अंतरराष्ट्रीय मैचों में दूसरी बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया। अपना 29वां जन्मदिन मना रहे कुलदीप की शानदार गेंदबाजी से भारत ने यह मैच 106 रन से जीत कर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

## भारत फीफा रैंकिंग में 65वें पायदान पर

**ज्यूरिख।** भारतीय टीम शुक्रवार को जारी फीफा रैंकिंग में चार स्थान के नुकसान के साथ 65वें पायदान पर लुढ़क गई है। महिला विश्व कप विजेता स्पेन यूएफा नेशंस लीग के




अंतिम चार में पहुंचने के बाद एक स्थान के सुधार के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। स्वीडन महिला विश्व कप के बाद अगस्त में जारी पिछली फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर था लेकिन अब पांचवें स्थान पर खिसक गया है। स्पेन इस महीने नेशंस लीग में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा। चार टीमों के इसी ग्रुप में स्वीडन तीसरे स्थान पर था। स्पेन पहली बार महिला फुटबॉल में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचा है।

## मानवजीत, अंजुम राष्ट्रीय टीम में करेंगे वापसी

**नई दिल्ली।** अनुभवी निशानेबाज मानवजीत सिंह संधू और अंजुम मौदगिल अगले महीने क्रमशः जकार्ता और कुवैत सिटी में होने वाले एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे। राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं के लिए क्वालीफायर पांच से 18 जनवरी तक जकार्ता तो वहीं शॉटगन क्वालीफायर 12 से 23 जनवरी तक कुवैत सिटी में होंगे। भारत ने 20 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम को मैदान में उतारा है।

# जोकोविच ने आठवीं बार जीता आईटीएफ वर्ल्ड चैंपियन अवार्ड



*लंदन। नोवाक जोकोविच और आर्यना सबालेंका को इस सत्र में चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल वर्ग में कम से कम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ के 2023 के विश्व चैंपियन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जोकोविच ने रिकॉर्ड आठवीं बार एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज रहते हुए सत्र का अंत किया। उन्होंने इस सत्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के खिताब जीतकर अपने कुल ग्रैंडस्लैम खिताब की संख्या 24 पर पहुंचाई। वह विंबलडन में उपविजेता रहे थे। जोकोविच ने आठवीं बार आईटीएफ विश्व चैंपियन का पुरस्कार हासिल किया और यह भी रिकॉर्ड है।*



### सबालेंका को पहला खिताब

सबालेंका ने पहली बार यह पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह अमेरिकी ओपन में उपविजेता रही जबकि फ्रेंच ओपन और विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंची थी। वह सितंबर में पहली बार अपने करियर में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी। उन्होंने सत्र का अंत इगा स्वियातेक के बाद दूसरे नंबर पर रहते हुए किया।

## क्रिकेट : महिला टीम ने पहली पारी में 428 और दूसरी पारी में बनाए 186/6 का स्कोर

# दीप्ति के पंजे में इंग्लैंड के बल्लेबाज भारत के पास 478 रन की बड़ी बढ़त

एजेंसी ▶▶ नवी मुंबई

दीप्ति शर्मा के हरफनमौला खेल से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र महिला टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली। अभी दो दिन का खेल बचा है और दूसरी पारी में अब तक 478 रन की बढ़त बनाने के बाद भारत के पास घरेलू सरजमीं पर पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट जीतने का मौका है। भारत ने पहली पारी में 428 रन और दूसरी पारी में छह विकेट पर 186 रन बनाए। इंग्लैंड की पहली पारी महज 136 रन पर सिमट गई।

दीप्ति ने भारतीय टीम की पहली पारी में 113 गेंद में 67 रन बनाकर टीम के स्कोर को 428 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने के बाद अपनी शानदार फिरकी से इंग्लैंड की बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया। उन्होंने 5.3 ओवर में चार मेडन और सात रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे इंग्लैंड की पहली पारी महज 136 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड की टीम एक समय तीन विकेट पर 108 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद दीप्ति के कहर से उसकी पारी सस्ते में निपट गयी। टीम ने 10 रन के अंदर आखिरी छह विकेट गंवा दिए। स्नेह राणा ने 25 रन देकर दो जबकि रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने एक-एक विकेट चटकाए।



### दूसरे दिन गिरे 19 विकेट

दिन का खेल आगे बढ़ने के साथ पिच से स्पिनरों को अधिक मदद मिल रही थी। असामान्य उछाल के कारण बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। भारत को दूसरी पारी में स्मृति मंधाना (26) और शेफाली वर्मा (33) ने 61 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन इंग्लैंड की स्पिन गेंदबाजों ने इसके बाद भारतीयों को परेशान किया। चार्ली डीन (68 रन पर चार विकेट) और अनुभवी सोफी एक्लेस्टोन (76 रन पर दो विकेट) ने विकेट लिए। जेमिमा रोड्रिग्स ने भी बल्ले से 27 रन का योगदान दिया। मैच के दूसरे दिन कुल 19 विकेट गिरे जिसमें भारत की पहली पारी के तीन विकेट शामिल है। इसमें से 15 विकेट स्पिनरों के नाम रहे।

### भारत के चार विकेट शेष

भारत ने पहली पारी में 292 रन की बड़ी बढ़त लेने के बाद इंग्लैंड को फालोऑन करने की जगह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 186 रन बना लिए।

स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| स्मृति मंधाना बो बेल | 17 | 12 | 3 | 0 |
| शेफाली वर्मा बो डीन | 19 | 30 | 4 | 0 |
| शुभा का बट बो एक्लेस्टोन | 69 | 76 | 13 | 0 |
| जेमिमा रोड्रिग्स बो बेल | 68 | 99 | 11 | 0 |
| हरमनप्रीत कौर रन आउट | 49 | 81 | 6 | 0 |
| यस्तिका भाटिया का बेल बो डीन | 66 | 88 | 10 | 1 |
| दीप्ति का एक्लेस्टोन बो बेल | 67 | 113 | 10 | 1 |
| स्नेह राणा बो बट | 30 | 73 | 5 | 0 |
| पूजा वस्त्राकर नाबाद | 10 | 45 | 2 | 0 |
| रेणुका सिंह बो एक्लेस्टोन | 01 | 07 | 0 | 0 |
| राजेश्वरी का डंकली बो एक्लेस्टोन | 0 | 5 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 32, कुल : 104.3 ओवर में 428/10
गेंदबाजी : ब्रंट 14-0-64-1, बेल 19-3-67-3, बट 11-4-25-1, फिलर 15-1-84-0, डीन 19-1-62-2, एक्लेस्टोन 26.3-5-91-3.

| इंग्लैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टैमी ब्यूमोंट रन आउट | 10 | 35 | 1 | 0 |
| सोफिया डंकली बो रेणुका | 11 | 10 | 2 | 0 |
| नाइट बो वस्त्राकर | 11 | 23 | 1 | 0 |
| नेट सिवर ब्रंट बो स्नेह | 59 | 70 | 10 | 0 |
| डेनी व्याट का जेमिमा बो दीप्ति | 19 | 24 | 4 | 0 |
| एमी जोन्स का शेफाली बो दीप्ति | 12 | 19 | 2 | 0 |
| सोफी एक्लेस्टोन बो दीप्ति | 00 | 02 | 0 | 0 |
| चार्ली डीन बो स्नेह | 00 | 09 | 0 | 0 |
| केट क्रॉस का एवं बो दीप्ति | 01 | 08 | 0 | 0 |
| लॉरेन फिलर बो दीप्ति | 05 | 07 | 1 | 0 |
| लॉरेन बेल नाबाद | 00 | 06 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 35.3 ओवर में 136/10
गेंदबाजी : रेणुका 9-1-32-1, स्नेह राणा 6-0-25-2, वस्त्राकर 9-1-39-1, राजेश्वरी 6-0-25-0, दीप्ति 5.3-4-7-5.

# मेसी की छह जर्सी 78 लाख डॉलर में बिकी



**न्यूयॉर्क।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी की पिछले साल विश्व कप के दौरान पहनी गई छह जर्सी नीलामी में 78 लाख डॉलर में बिकी। नीलामी करने वाली संस्था सोथबी ने यह घोषणा की। सोथबी ने बताया कि मेसी ने इन शर्ट को कतर में 2022 में खेले गए फीफा विश्व कप के पहले चरण के मैचों में पहना था। इस साल खेल से जुड़ी वस्तुओं की नीलामी में यह सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाली वस्तु रही। अर्जेंटीना ने विश्व कप फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराकर अपना तीसरा खिताब जीता था। निर्धारित समय तक दोनों टीम 3-3 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया था। मेसी की इन शर्ट के लिए विजेता बोली लगाने वालों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## आई-लीग : इंटर काशी ने दिल्ली को 2-0 से हराया



**कल्याणी।** मोहम्मद आसिफ और जोर्डन लामेला के गोल के दम पर इंटर काशी ने आई-लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां दिल्ली एफसी को 2-0 से हराया। आसिफ ने मैच के 14वें जबकि लामेला ने 36वें मिनट में गोल कर मैच के पहले हाफ में टीम का दबदबा कायम किया। स्पेन के लामेला का मौजूदा सत्र में टीम के लिए चौथा गोल है जबकि 22 साल के आसिफ का यह सत्र का दूसरा गोल था। कल्याणी म्यूनिसिपल स्टेडियम में इस जीत के बाद इंटर काशी की टीम 10 मैचों में 14 अंक के साथ तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गयी है। दिल्ली की टीम इतने ही मैचों में 13 अंक के साथ आठवें पायदान पर है।

## प्रियंका को ऑस्ट्रेलिया में अभ्यास की मिली मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल ने पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी के ऑस्ट्रेलिया में कोच ब्रेट वालेस की निगरानी में अभ्यास करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी*



*प्रियंका ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा के निकट स्थित प्रशिक्षण केंद्र में अभ्यास करेगी। उनको मिलने वाली वित्तीय सहायता में हवाई किराया, भोजन-आवास की लागत, खेल विज्ञान सहायता के लिए व्यय, कोचिंग शुल्क सहित अन्य खर्च शामिल होंगे।*

## आईडब्लएफ ग्रां प्री दो में 12वें स्थान पर रहे गुरदीप

*दोहा। राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक गुरदीप सिंह ने यहां आईडब्लूएफ ग्रां प्री दो में पुरुषों के 109 किग्रा भार से अधिक के वर्ग में 12वें स्थान पर रहकर निराशाजनक प्रदर्शन किया। पंजाब के इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने कुल मिलाकर 340 किग्रा भार उठाया जो पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में उठाए गए वजन से 50 किग्रा कम था। गुरदीप ने राष्ट्रमंडल खेलों में 390 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक जीता था। कलाई की चोट के कारण इस साल अधिकतर प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाने वाले गुरदीप ने स्नैच वर्ग में 145 किग्रा और इसके बाद क्लीन एवं जर्क में 195 किग्रा वजन उठाया।*

## वेस्टइंडीज ने टी20 में बनाई 2-0 की बढ़त, इंग्लैंड को 10 रन से दी मात

किंग ने 52 गेंद पर बनाए नाबाद 82 रन

एजेंसी ▶▶ सेंट जॉर्ज

*ब्रैंडन किंग के नाबाद अर्धशतक और अलजारी जोसेफ की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 10 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई।*

*इंग्लैंड ने टॉस जीत कर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और जल्द ही उसका स्कोर 4 विकेट पर 54 रन कर दिया। सलामी बल्लेबाज किंग ने ऐसे में 52 गेंद पर नाबाद 82 रन बनाए जबकि कप्तान रोवमैन पावेल ने 28 गेंद पर तीन चौकों और पांच*



*छक्कों की मदद से 50 रन बनाए जिससे वेस्टइंडीज ने 7 विकेट पर 176 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 7 विकेट पर 166 रन ही बना पाई। उसकी तरफ सैम कुरेन ने सर्वाधिक 50 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से जोसेफ ने 39 रन देकर तीन और अकील हुसैन ने 24 रन देकर दो विकेट लिए। ऑलराउंडर आंद्रे रसेल काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 66 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। इंग्लैंड को अंतिम ओवर में 28 रन की जरूरत थी और उसने रसेल के इस ओवर में 17 रन बनाए।*

## जमाल के छह विकेट से ऑस्ट्रेलिया 487 पर आउट, संभला पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶ पर्थ

तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही पारी में छह विकेट लेने का कारनामा करके ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां 500 रन तक पहुंचने से रोका। इसके बाद पाकिस्तान ने सतर्क शुरुआत करते हुए दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 53 ओवर में दो विकेट पर 132 रन बनाए। ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने 90 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन जमाल ने 111 रन देकर छह विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 487 रन ही बनाने दिए।

ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी का आकर्षण सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का शतक रहा। उन्होंने पहले दिन 211 गेंद पर 164 रन की पारी खेली थी। पाकिस्तान की टीम अभी ऑस्ट्रेलिया से 355 रन पीछे है। उसके बल्लेबाजों ने किसी तरह का जोखिम नहीं लिया। अब्दुल्ला शफीक (42) और इमाम उल हक (नाबाद 38) ने पहले विकेट के लिए 36.2 ओवर में 74 रन जोड़कर पाकिस्तान को सधी शुरुआत दिलाई। ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने शफीक को वॉर्नर के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। पाकिस्तान के आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज कप्तान शान मसूद (30) थे जिन्हें तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने विकेट के पीछे कैच कराया। स्टंप उखड़ने के समय इमाम 38 और नाइट वॉचमैन खुर्रम शहजाद सात रन पर खेल रहे थे।



### अनोखे रिकार्ड की बराबरी

जमाल ने अपना पांचवा विकेट लेने के बाद पिच को चूमा। यह 1967 के बाद पहला अवसर है जबकि किसी विदेशी खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण करते हुए पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। जमाल से पहले भारत के आबिद अली ने 1967 में एडिलेड ओवल में 55 रन देकर 6 विकेट लिए थे।

बिजनेस साइट

## लर्निंग बेगर्स की 'फ्यूचर माइंडसेट एंटरप्रेन्योर' की लॉन्चिंग कल

**रायपुर।** लर्निंग बेगर्स एंटरप्रेन्योर, प्रोफेशनल और इंडिविजुअल का एक समुदाय है, जो पढ़ने, सीखने और साझा करने की निरंतर प्रक्रिया है। लर्निंग बेगर्स 17 दिसंबर को समता कॉलोनी स्थित मैक कॉलेज ऑडिटोरियम में



'फ्यूचर माइंडसेट एंटरप्रेन्योर' नाम से अपनी पुस्तक लॉन्च कर रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि भविष्य निश्चित है, लेकिन आपको इसे आज ही आकार देना होगा। इस कार्यक्रम में रियल इस्पात ग्रुप के निदेशक रमेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। लर्निंग बेगर्स के संस्थापक रोहित राज ने बताया कि छत्तीसगढ़ के एक प्रतिष्ठित उद्यमी के रूप में, आपको खुद को और अपने व्यवसाय को अगले स्तर पर ले जाने के लिए कुछ समय निकालने और नई चीजें सीखने की जरूरत है। हमारा कार्यक्रम आपको अपने दायरे के बाहर नए और मूल्यवान संबंध बनाने हेतु प्रेरित होने और अपने उद्योग और उससे बाहर के सर्वश्रेष्ठ से सीखने में सक्षम बनाएगा।

## बिहार में 10 गुना निवेश बढ़ाएगा अदाणी ग्रुप

**रायपुर।** बिहार में निवेश आकर्षित करने के लिए आयोजित 'बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023' सम्मेलन में पहुंचे अदाणी एंटरप्राइज के निदेशक प्रणव अदाणी ने आमंत्रित करने के लिए प्रदेश सरकार



का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं पटना आकर और 2023 बिहार बिजनेस कनेक्ट सम्मेलन में शामिल होकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं इस विशाल कार्यक्रम के आयोजन के लिए बिहार सरकार को बधाई देना चाहता हूं। इस आयोजन ने बिजनेस के सभी क्षेत्रों की प्रभावशाली हस्तियों को एक साथ लाने का काम किया है। यह नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के अपार व्यक्तिगत आकर्षण का प्रमाण है। आप बिहार को भारत के सबसे आकर्षक इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन में बदल रहे हैं। साल 2003 में, दुनिया के सबसे बड़े मुंद्रा पोर्ट के निजी रेल लिंक का उद्घाटन भी नीतीश कुमार जी ने किया था।

**गोदामों पर 1200 करोड़ करेगा निवेश**

अदाणी समूह गोदामों को 1 लाख वर्ग फुट से बढ़ाकर 65 लाख वर्ग फुट से अधिक करने के लिए 1,200 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट करेगा। दो बड़े गोदाम पटना में होंगे और इससे 2000 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेगा। इसके अलावा 6 जगहों पूर्णिया, बेगूसराय, दरभंगा, समस्तीपुर, किशनगंज और अररिया में अपनी स्टोरेज क्षमता को 1 लाख 50 हजार मीट्रिक टन से बढ़ाकर 2 लाख 75 हजार मीट्रिक टन करने के लिए एग्री-लॉजिस्टिक्स में 900 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट किया गया है।

## कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने कैंसर के इलाज के लिए प्रस्तुत की एचआईएफयू टेक्नोलॉजी



*मुंबई। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई ने प्रोस्टेट कैंसर के मरीजों के लिए आधुनिकतम इलाज विकल्प के रूप में हाई-इन्टेन्सिटी फोकस्ड अल्ट्रासाउंड (एचआईएफयू) क्रांतिकारी तकनीक प्रस्तुत करने की घोषणा की है। इस आधुनिकतम इलाज में प्रोस्टेट कैंसर कोशिकाओं को टारगेट करके, नष्ट करने के लिए हाई-फ्रीक्वेंसी ध्वनि तरंगों को इस्तेमाल में लाया जाता है। शरीर पर कम से कम घाव देते हुए की जाने वाली इस तकनीक में 'फोकल एब्लेशन' का इस्तेमाल किया जाता है। कैंसर मरीजों की देखभाल में यह बहुत बड़ा कदम उठाया गया है। यह तकनीक अत्यंत सटीक है, इसमें मरीज की पूरी देखभाल करते हुए, प्रोस्टेट कैंसर जहां हुआ है उस जगह पर इलाज करने का टारगेटेड दृष्टिकोण अपनाया जाता है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल मुंबई के सीईओ और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ.संतोष शेट्टी ने बताया, "शरीर का नुकसान कम से कम हो और इलाज के ज्यादा से ज्यादा परिणाम मिले, इस तरह से अत्यन्त सटीक इलाज की सहायता से हमारे मरीजों को कैंसर के खिलाफ लड़ने में मदद करना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए एचआईएफयू बहुत ही मददगार है। इसके जरिए हमने कैंसर पर इलाज का और एक विकल्प दिया है। इतना ही नहीं, हमारे मरीजों को इलाज से मिलने वाले अच्छे और सरल अनुभव में भी वृद्धि हुई है। हमारे मरीजों को सबसे उन्नत और प्रभावकारी इलाज दिलाने में कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल अग्रणी है यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है।"*






# PLOTS AVAILABLE

## FOR YOUR DREAM HOME

## 1299/- से 1999/- तक

### RESIDENTIAL PLOTS

| SIZE |
| --- |
| 92.9 SQMT - 1000 SQFT |
| 111.5 SQMT - 1200 SQFT |
| 139.4 SQMT - 1500 SQFT |
| 223.04 SQMT - 2400 SQFT |
| 371.74 SQMT - 4000 SQFT |

COMMERCIAL PLOTS & SHOPS ALSO AVAILABLE

* Terms & Conditions Apply

## 812 000 8290

Member of : CREDAI CHHATTISGARH
RERA REGISTERED PROJECT
(PRIME- 1) RERA NO. : PCGRERA300322001375
(PRIME- 2) RERA NO. : PCGRERA130422001395
(SECTOR-1) RERA NO. : PCGRERA230618000310
www.rera.cgstate.gov.in

## RCP Infratech, VIP City

Saddu-Urkura Road, Ring Road No. 3, Raipur (C.G.),
Email : rcpinfratech.vip@gmail.com, Website : www.rcpinfra.co.in

फायनेंस उपलब्ध
LIC HFL SBI HDFC kotak




## जयंती पर याद किए गए चौधरी मित्रसेन, उत्साह से मना जन्मदिन

# चौधरी मित्रसेन का वैदिक समाजवाद में था पूर्ण विश्वास, जीवन में सफलता के नए आयाम गढ़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोरबा

परम पित्र मानव निर्माण संस्थान व सिंधू समूह के संस्थापक, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं दूरदृष्टा स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य का जन्मदिवस 15 दिसंबर को समूह के समस्त उपक्रमों व संस्थानों में मनाया गया। इस अवसर पर स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर जगह-जगह पौधरोपण किया गया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस दौरान आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी समूह के संस्थापक स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य का जन्मदिवस हर्षोउल्लास व सादगी पूर्ण तरीके से मनाया गया। इस पावन अवसर पर समूह के सभी संस्थानों में छायादार व फलदार पौधों का वृहद पैमाने पर रोपण कर स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य जी को नमन किया गया, साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। गौरतलब है कि परममित्र मानव निर्माण संस्थान के संस्थापक स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य जी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा को समर्पित करते हुए तपस्वी भाव से मनसा वाचा और कर्मणा की युक्ति को अपने व्यक्तित्व का प्रतीक बनाया। उनका व्यक्तित्व, कृतित्व, समाज सेवा, राष्ट्र सेवा, जनसेवा और आर्य समाज के प्रति समर्पण सदैव याद रखा जाएगा। शुक्रवार को समूह के सभी संयंत्रों व वाशरी में मनाए गए स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान समूह के अधिकारियों ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य जी की जीवन यात्रा इस बात का सूचक है कि पुरुषार्थ, सद्भावना और सद्बुद्धि के सहारे व्यक्ति किस प्रकार शून्य से शिखर तक पहुंच सकता है। उद्योगपति और वैभव संपन्न होने के बावजूद स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य जी का वैदिक समाजवाद में पूर्ण विश्वास था। उन्होंने जीवन में सफलता के नए आयाम गढ़े और आगामी पीढ़ी को जीवन में सफलता का मूलमंत्र भी दिया। सन 1962 में स्वामी धर्मानंद के संपर्क में आने के बाद चौधरी मित्रसेन आर्य ने अनेक गुरुकुल और विद्यालयों की स्थापना की जो आज भी सतत ज्ञान के परिचायक बने हुए हैं। वक्ताओं ने कहा कि यदि स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य जी ने हमेशा कमजोरों के हित में सोचा और उनका जीवन बदलने में अहम योगदान निभाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गनेशन कुमार प्लांट हेड 30 मेगावाट, बिपिन मलिक डायरेक्टर एसटीएलएल, देवरकोंडा संजय जीएम एडमिन, आरपी विश्वकर्मा प्लांट हेड 300 मेगावाट, सम्बाशिवा राव वाइस प्रेसिडेंट पॉवर, पंकज ग्वाली प्लांट हेड चाकाबुड़ा वाशरी सहित सभी उपक्रमों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।



### इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में हवन-पूजन

चौधरी मित्रसेन आर्य जी के जन्मदिन के अवसर पर दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में हवन-पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः प्रार्थना स्तुति के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन का विशेष आयोजन किया गया।

# जब बीच हवा में रुकी फ्लाइट! वीडियो ने इंटरनेट पर मचाया तहलका

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



अपने कामों के लिए लोग फ्लाइट में सवारी करते हैं, इस दौरान कई बार फ्लाइट में गड़बड़ी भी आती है। इस समय लोग काफी डर भी जाते हैं। ऐक ऐसे ही वीडियो ने इन दिनों सोशल मीडिया पर तूफान ला रखा है। दरअसल सैन फ्रांसिस्को के आसमान में एक विचित्र क्षण में, एक उड़ान में एक यात्री को एक ऑप्टिकल भ्रम का सामना करना पड़ा, जिसने तब से इंटरनेट पर तूफान ला दिया है। रिपोर्ट के अनुसार करीब दो महीने पहले रेडिड पर पोस्ट किया गया वीडियो फिर से सामने आ गया है। वीडियो में विमानन के नियमों की अवहेलना करते हुए एक विमान को बीच हवा में लटका हुआ दिखाया गया है। यह घटना हेडविंड और टेलविंड के बीच जटिल विलय से उत्पन्न होती है जो विमान अपनी यात्रा के दौरान नेविगेट करते हैं। जबकि टेलविंड्स एक बढ़ावा प्रदान करते हैं, विमान को आसानी से आगे बढ़ाते हैं, हेडविंड्स एक दुर्जेय बल के रूप में कार्य करते हैं, जिससे विमान धीमा हो जाता है। रिपोर्ट के अनुसार कुछ स्थितियों में, विशेष रूप से जब शक्तिशाली प्रतिकूल हवाओं का सामना करना पड़ता है, तो एक विमान आकाश में अस्थायी रूप से रुके हुए होने का भ्रम पैदा कर सकता है।

# एक बार सउदी प्रिंस ने अपने बाजों के लिए खरीद ली थी एरोप्लेन की 80 सीटें



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एक अनोखी कहानी में, एक सऊदी राजकुमार ने अपने 80 बाज पक्षियों के लिए हवाई जहाज में अलग-अलग सीटें खरीदा। यह सुनकर आपको थोड़ा अचंभा महसूस हुआ होगा, लेकिन यह 100 टका बिल्कुल सही बात है। सोशल मीडिया पर इस वाकये की एक तस्वीर फिर से वायरल हो रही है। एक ट्रैवेलर के अनुसार, यह चौंकाने वाली घटना साल 2017 में हुई थी। सऊदी अरब के शाही परिवार के एक सदस्य ने अपने पक्षियों के लिए हवाई जहाज की हर सीट बुक कर ली थी, ताकि वे आराम और सुरक्षा से सफर कर सकें। पुरानी तस्वीर में बाज पक्षियों को हवाई जहाज की सीटों पर बैठे दिखाया गया है, जिनमें से हर किसी ने हुड पहन रखा है।

### प्रिंस ने अपने बाजों के लिए खरीदे सीट्स

सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली तस्वीर में आप एक एयरोप्लेन में कई सारे बाजों को एक साथ सीट पर बैठे हुए देख सकते हैं। उन सीटों के पास कई सारे लोग भी मौजूद हैं। इस तस्वीर को देखकर भले ही आप चौंक जाएं, लेकिन यह आज भी लोगों को सोचने पर मजबूर कर देती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इसे रेडिट पर शेयर किया गया है। रेडिट यूजर लेंसू ने कुछ मानव यात्रियों के साथ कोच में बैठे पक्षियों की तस्वीर पोस्ट की थी। फोटो के कैप्शन में लिखा था, मेरे कैप्टन दोस्त ने मुझे यह फोटो भेजी है। इसमें कहा गया, सऊदी राजकुमार ने अपने 80 हॉक्स (बाज) के लिए टिकट खरीदा।

### पक्षियों के होते हैं अपने पासपोर्ट

हवाई जहाज में बाज ले जाना भले ही अजीब लगे, लेकिन ट्रैवेलर के अनुसार, मध्य पूर्व में ऐसा करना असामान्य नहीं है। अरब के देशों में शिकार के लिए पक्षियों की मदद लेने का खेल 'बाजगिरी' सदियों से चला आ रहा है और इसे वहां बहुत सम्मान और इतिहास के साथ देखा जाता है। यह परंपरा हजारों साल पुरानी है और अरबी संस्कृति और पहचान का एक अहम हिस्सा है। दरअसल, बाजगिरी का खेल इतना सम्मानित है कि इन पक्षियों के पास कथित तौर पर अपने पासपोर्ट भी होते हैं।




# देखिए मंगल की धरती का 360 डिग्री व्यू, हर तरफ पड़े हैं पत्थर ही पत्थर, हवा तक नहीं चलती!

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अंतरिक्ष की दुनिया रहस्यों से भरी हुई है. यहां के तमाम राज पर से विज्ञान पर्दा उठा ही चुका है लेकिन कुछ मिस्ट्री ऐसी हैं, जिनके बारे में वैज्ञानिक ज्यादा से ज्यादा जानने में जुटे हुए हैं। कुछ ऐसा ही रहस्य है, दूसरे ग्रहों के वातावरण का. विज्ञान ये जानने में जुटा है कि धरती की तरह और भी किसी ग्रह पर हवा-पानी या ऐसी परिस्थितियां है क्या कि वहां जीवन जिया जा सके।आपने पृथ्वी की जमीन देखी होगी, जो काफी हरी-भरी है. यहां हवा चलती रहती है और धूप भी दिखती है लेकिन आज आपको दर्शन कराएंगे मंग्रह की जमीन का. हम यहां बसने के ख्वाब संजो रहे हैं लेकिन इसकी धरती पर हवा-पानी का नामोनिशान नहीं है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें मंगल की सतह को 360 डिग्री व्यू में देखा जा सकता है।



### ऐसी दिखती है मंगल ग्रह की सतह


वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि एक रोवर मंगल ग्रह की सतह का वीडियो ले रहा है। सतह का 360 डिग्री व्यू देखने के बाद आप देखेंगे कि हर तरफ लाल रंग की मिट्टी दिख रही और बड़े-बड़े पत्थर दिख रहे हैं। यहां हवा-पानी का कोई निशान नहीं है बल्कि रोवर के व्हील का निशान भी दिख रहे हैं। ये व्यू रोवर ने लिया है, जो 5 अप्रैल, 2023 का है।

### लोगों ने दिए रिएक्शन

इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के **@wonderofscience** नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है। वीडियो को 13 लाख से भी ज्यादा लोग देख चुके हैं। इस पर कमेंट करते हुए लोगों ने कहा कि ये तो मौत की घाटी जैसा है। एक यूजर ने कहा कि ये बंजर है तो एक ने कहा कि हम यहां बस्तियां बसाने की सोच रहे हैं, वहां कुछ है भी नहीं।

# अचार खाने की जगह पेपर में लगा घिसने, जीत लिया लोगों का दिल

नई दिल्ली। आज के समय में सोशल मीडिया ने लोगो की जिंदगी में गहरी जगह बना ली है। हर किसी के दिन के कई घंटे इस सोशल मीडिया पर गुजरते हैं। जहां कई लोग इसे समय की बर्बादी मानते हैं वहीं ऐसे भी कुछ लोग हैं, जो इसके इस्तेमाल के जरिये अपने टैलेंट को लोगों के सामने ले आते हैं। पहले अगर किसी में कोई टैलेंट होता था, तो कई बार वो अन्य लोगों के सामने नहीं आ सकता था। ऐसा इसलिए कि उनके पास साधन नहीं थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होता। आज के समय में लोगों को अपने टैलेंट को दुनिया के सामने लाने के लिए किसी और की जरुरत नहीं पड़ती।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com